# अपने फोन को जानें




*फिलिप्स लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने का प्रयास करती रहती है। अत:, फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका के पुनरावलोकन या इसे किसी भी समय बिना किसी सूचना के वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका "वर्तमान रूप" में प्रदान करती है और, उचित कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*

## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करने हेतु** | को देर तक दबाएं। |
| **फोनबुक में नंबर रक्षित करने हेतु** | फोन नम्बर भरें और रक्षित करने हेतु दबाएं। |
| **कॉल करने हेतु** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें और डायल करने के लिए दबाएं। |
| ***कॉल लॉग* को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में *कॉल लॉग छूटी कॉल*, *डायल कॉल* और *प्राप्त कॉल* प्रदर्शित करती है। |
| **आईपी कॉल करने हेतु** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें और आईपी पूर्वलग्न के साथ डायल करने के लिए को देर तक दबाएं। |
| **कॉल का उत्तर देने हेतु** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कॉल समाप्त करने हेतु** | दबाएं। |
| **कॉल अस्वीकार करने हेतु** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **ईयरपीस की ध्वनि प्रबलता नियोजित करने हेतु** | कॉल के दौरान ऊपर या नीचे की ध्वनि कुन्जियाँ दबाएं। |
| **संकेत ध्वनि की ध्वनि प्रबलता नियोजित करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ऊपर या नीचे की ध्वनि कुन्जियाँ दबाएं। |

| | |
|---|---|
| *फोन पुस्तक* **सूची को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |
| *मुख्य मीनू* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में *मीनू* दबाएं। |
| **मौन मोड में जाने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में कुंजी को देर तक दबाएं। |
| **कैमरा चालू करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |
| **फोटो खींचने हेतु** | सक्रिय कैमरे के साथ या दबाएं। |
| **वैप को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में को देर तक दबाएं। |
| *लघुमार्ग* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएं। |
| *ऑडियो प्लेयर* **चालू करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▴ दबाएं। |
| *संदेश लिखें* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ◂ दबाएं। |
| *टोन सेटअप* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▸ दबाएं। |
| *मल्टीमीडिया* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में को देर तक दबाएं। |
| **पिछले मीनू में जाने हेतु** | दबाएं। |
| **शीघ्रता से निष्क्रिय अवस्था में आने हेतु** | दबाएं। |

## सॉफ्टकुन्जियाँ

कुन्जीपटल के ऊपरी भाग में स्थित बाईं और दाईं सॉफ्टकुन्जियों और से आप, कॉल के दौरान भी, स्क्रीन पर उनके ठीक ऊपर प्रदर्शित होने वाले सदृश विकल्पों का चुनाव कर सकते हैं। इन कुन्जियों से संबंधित क्रियाएं वर्तमान विषयवस्तु के अनुसार भिन्न होंगी।

## मुख्य मीनू

| | | |
|---|---|---|
| *फोन पुस्तक* | *संदेश* | *कॉल इतिहास* |
| *सेटिंग* | *मल्टीमीडिया* | *फाइल मॅनेजर* |
| *मस्ती एवं खेल* | *प्रयोक्ता प्रोफाइल* | *व्यवस्थापक* |
| *सेवाएं* | *अतिरिक्त* | *लघुमार्ग* |

*मुख्य मीनू* से आप एक ग्रिड के रूप में प्रदर्शित अपने मोबाइल फोन की सभी विभिन्न विशेषताओं तक पहुँच सकते हैं। ऊपर दी गई तालिका संक्षेप में *मुख्य मीनू* की व्यवस्था प्रदर्शित करती है।

निष्क्रिय अवस्था में *मुख्य मीनू* को एक्सेस करने हेतु दबाएं, फिर चिह्नों एवं सूचियों को ब्राउज़ करने लिए नेवीगेशन कुन्जी – वर्तमान निर्देशिका में ▴, ▾, ◂ या ▸ चिह्नों के साथ जो दिशाएं प्रदर्शित हैं – का प्रयोग करें। सूचियों के अन्दर, चुनी गई वस्तु से संबंधित विकल्पों को एक्सेस करने के लिए दबाएं, एक स्तर पीछे जाने के लिए *पीछे* दबाएं।

# विषय-वस्तु


1. शुरुआत ........ 4
   - सिम कार्ड और बैटरी डालना ........ 4
   - फोन चालू करना ........ 5
   - बैटरी चार्ज करना ........ 5
   - शॉर्टकट क्रिया ........ 5

2. कॉल करना ........ 6
   - कॉल करना ........ 6
   - उत्तर देना और कॉल समाप्त करना ........ 6
   - हैंड्सफ्री कॉल करना ........ 6
   - कॉल के दौरान विकल्प ........ 6
   - ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना ........ 7
   - तीव्र कॉल ........ 7
   - आपातकालीन कॉल करना ........ 7
   - एक से अधिक कॉलें करना ........ 7

3. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि ........ 9
   - क्रिया कुन्जियाँ ........ 9
   - मल्टीटैप ABC/abc इन्पुट ........ 9
   - स्मार्ट ABC/abc इन्पुट ........ 10
   - संख्यात्मक इन्पुट ........ 10

4. फोनबुक ........ 11
   - फोनबुक में संपर्क खोजना ........ 11
   - संपर्क प्रबंधन ........ 11
   - नाम के साथ फोन नंबर रक्षित करना ........ 11
   - फोनबुक प्रतिलिपित करना ........ 11
   - फोनबुक प्रविष्टि प्रतिलिपित या स्थानांतरित करें ........ 12
   - संपर्क मिटाना ........ 12
   - कॉलकर्ता समूह ........ 12
   - अतिरिक्त नंबर ........ 13
   - सेटिंग ........ 13

5. संदेश ........ 14
   - एसएमएस ........ 14
   - एमएमएस ........ 17
   - गपशप ........ 19
   - प्रसारण संदेश ........ 20

6. कॉल पंजी ........ 21
   - छूटी कॉलें ........ 21
   - डायल की गई कॉलें ........ 21
   - प्राप्त कॉलें ........ 21
   - कॉल लॉग मिटाना ........ 21
   - कॉल अवधि ........ 21
   - कॉल मूल्य ........ 21
   - एसएमएस गणक ........ 22
   - जीपीआरएस गणक ........ 22

7. सेटिंग ........ 23
   - फोन सेटअप ........ 23
   - कॉल सेटअप ........ 25

नेटवर्क सेटअप ........ 27
सुरक्षा सेटअप ........ 27
फैक्ट्री सेटिंग पुनः स्थापित करना ........ 29
8. मल्टीमीडिया ........ 30
कैमरा ........ 30
इमेजव्यूअर ........ 31
वीडियो रिकॉर्डर ........ 31
वीडियो प्लेयर ........ 32
ऑडियो प्लेयर ........ 32
ध्वनि रिकॉर्डर ........ 33
धुन कम्पोज़र ........ 34
9. फाइल प्रबंधक ........ 35
10. मनोरंजन एवं खेल ........ 36
खेल ........ 36
विषय ........ 36
खेल सेटिंग ........ 36
11. प्रयोक्ता प्रोफाइल ........ 37
12. संगठक ........ 38
कैलेंडर ........ 38
कार्यसूची ........ 38
अलार्म ........ 39
विश्व घड़ी ........ 39
13. सेवाएं ........ 40
एसटीके ........ 40
वैप ........ 40
डाटा एकाउंट ........ 41
14. अतिरिक्त ........ 42
कैलकुलेटर ........ 42
यूनिट परिवर्तक ........ 42
मुद्रा परिवर्तक ........ 42
स्वास्थ्य ........ 42
15. शॉर्टकट ........ 43
शॉर्टकट में आइटेम बदलना ........ 43
चित्र एवं चिह्न ........ 44
सावधानियाँ ........ 45
दोष-निवारण ........ 49
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ........ 51
विशिष्ट अवशोषण दर जानकारी ........ 52
सीमित वारंटी ........ 53

# 1. शुरुआत

*प्रयोग करने से पहले  कृपया “सावधानियाँ” भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*


अपना फोन प्रयोग करने हेतु, आपको अपने जीएसएम ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया एक वैध सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपकी सेवा संबंधी जानकारी, आपका मोबाइल टेलीफोन नम्बर, और एक मेमोरी शामिल हैं जिसमें आप फोन नम्बर और संदेश रक्षित कर सकते हैं। (अधिक जानकारी हेतु, “फोन बुक” देखें)।

## सिम कार्ड और बैटरी डालना

अपना नया सिम कार्ड डालने हेतु नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें। पिछला कवर हटाने से पहले अपने मोबाइल फोन को बंद करना न भूलें।


### *बैटरी निकालना*

सिम कार्ड डालने हेतु, आपको पहले बैटरी निकालनी होगी। पीछे दिया गया बटन दबाएं और पिछले कवर को हटाने हेतु उसे नीचे की ओर खिसकाएं। बैटरी को ऊपर उठाने के लिए कुण्डे को पकड़ें।




### *सिम कार्ड डालना*

सिम कार्ड को यह सुनिश्चित करते हुए दिए गए स्थान में लगाएं कि कार्ड का कटा हुआ कोना सही कोने में हो और सुनहरे सम्पर्क नीचे की ओर हों।



सुनहरे संपर्क नीचे की ओर रखते हुए, बैटरी के अपने स्थान में रुकने तक, उसे पुनः उसके स्थान में डालें।



पिछले कवर को उसके स्थान में रुकने तक, नीचे की ओर खिसकाते हुए पुनः लगाएं।

## फोन चालू करना


फोन चालू करने के लिए, कुन्जी को देर तक दबाएं। आवश्यकता पड़ने पर पिन कोड डालें। पिन कोड आपके सिम कार्ड के लिए 4- से 8- अंकों का गुप्त कोड होता है। यह पूर्वनिर्धारित होता है और आपको आपके ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा बताया जाता है। पिन कोड के विषय में अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 27 पर "सुरक्षा सेटअप" देखें।

*यदि आप तीन बार गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, आपको अपने ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करने हेतु निवेदन करना होगा।*

## बैटरी चार्ज करना

आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और बैटरी का स्तर कम होने पर एक ध्वनि सतर्क आपको चेतावनी देगा।

बैटरी को उसके स्थान में वापिस लगाने के बाद आप फोन को चार्ज कर सकते हैं। नीचे दर्शाए गए तरीके के अनुसार कनेक्टर लगाएं। फिर दूसरे सिरे को मेन एसी पॉवर सॉकेट से जोड़ें।



बैटरी का चिह्न चार्ज की अवस्था दर्शाता है। चार्जिंग के दौरान, चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे। सभी स्क्रॉल बार पूर्णतः स्थायी होने पर बैटरी पूर्णतः चार्ज हो जाएगी। फिर आप चार्जर को बंद कर सकते हैं।

बैटरी पूर्णतः चार्ज होने पर चार्जर को मोबाइल से लगाए रखने से बैटरी को कोई हानि नहीं होगी।

चार्जर को बंद करने का एकमात्र तरीका उसे हटाना है, अतः आसान पहुँच वाले किसी एसी पॉवर सॉकेट का प्रयोग करें।

## शॉर्टकट क्रिया

आपका फोन दस तीव्र अंतर्गामी क्रिया वस्तुएं प्रदान करता है। आप मांग के अनुसार उन्हें बदल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 43 पर "शॉर्टकट" देखें।

# 2. कॉल करना

## कॉल करना

### *निष्क्रिय स्क्रीन से*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर डालें। कोई त्रुटि सही करने के लिए, दबाएं।
2. डायल करने के लिए दबाएं।
3. समाप्त करने के लिए दबाएं।

अंतर्राष्ट्रीय कॉल हेतु, अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न हेतु "+" चिह्न प्रविष्ट करने के लिए को दो बार धीमे से दबाएं।

### *फोनबुक प्रयोग करना*

1. निष्क्रिय अवस्था में, दबाएं।
2. सूची से एक सम्पर्क चुनें, और दबाएं, चुनिंदा नंबर डायल किया जाएगा। कोई अन्य नम्बर चुनने के लिए, ▲ या ▼ दबाएं (अधिक जानकारी के लिए "फोनबुक" देखें)।
3. समाप्त करने के लिए दबाएं।

## कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना

कोई कॉल प्राप्त होने पर, कॉलकर्ता द्वारा अपनी आईडी प्रदर्शित करने के चुनाव के अनुसार, कॉलकर्ता का नम्बर प्रदर्शित हो सकता है। यदि नम्बर चुनिंदा फोनबुक में रक्षित किया गया है, तो नम्बर के बदले संबद्ध नाम प्रदर्शित होता है।

- **कॉल का उत्तर देने के लिए:** दबाएं।
- **कॉल अस्वीकार करने के लिए:** दबाएं (या ध्वनि प्रबलता कुन्जी को देर तक दबाएं)। आपके द्वारा *कॉल अंतरण* सक्रिय करने पर, किसी नंबर या ध्वनिमेल पर अंतरित हो जाएगी।
- **कॉल समाप्त करने के लिए:** दबाएं।

*मौन मोड में होने पर फोन नहीं बजेगा।*

यदि आपने *कोई कुन्जी* चुनी है, तो आप, और को छोड़कर कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल का उत्तर दे सकते हैं।

## हैंड्सफ्री कॉल करना

*अपनी आसानी और सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करें कि हैंड्सफ्री कॉल करते समय, विशेषतः ध्वनि प्रबलता बढ़ाते या घटाते हुए, आप फोन को अपने कान से दूर रखें।*

कॉल के दौरान हैंड्सफ्री सक्रिय करने हेतु *एच-फ्री* दबाएं। हैंड्सफ्री रद्द करने हेतु आप उसे निष्क्रिय करने के लिए पुनः *एच-हेल्ड* दबा सकते हैं।

## कॉल के दौरान विकल्प

कॉल के दौरान, निम्न विकल्प चुनने के लिए *विकल्प* दबाएं।

## *मूक (चालू/बंद)*

यह विकल्प आपको आपने मोबाइल फोन के हैंड्सफ्री विकल्प का प्रयोग करने में सहायता करता है ताकि आपका कॉलकर्ता आपकी आवाज़ न सुन सके।

## *ध्वनि रिकार्डर*

*अधिकांश देशों में, कानून के अधीन टेलीफोन पर की जाने वाली बातचीत को रिकार्ड किया जा सकता है। हम आपको सुझाव देते हैं कि यदि आप अपनी बातचीत को रिकार्ड करना चाहें तो कॉलकर्ता को सूचित करें और ऐसा केवल उनके सहमत होने पर ही करें।*

कॉल के दौरान, बातचीत रिकार्ड करने हेतु, *साउंड रिकार्डर* चुनें और दबाएं। रिकार्डिंग करते समय आप *रुकें/ जारी* दबा सकते हैं। रिकार्डिंग समाप्त करने के लिए, दबाएं, नाम प्रविष्ट करें और रक्षित करने हेतु दबाएं।

## *कॉल के दौरान अन्य विकल्प*

कॉल चालू रहने पर निम्न कार्य करने हेतु *विकल्प* दबाएं: प्रविष्टि खोजने के लिए *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, समाप्त करने, संदेश भेजने या पढ़ने के लिए के लिए *समाप्त* चुनें।

# ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना

कॉल के दौरान, ध्वनि प्रबलता बढ़ाने या घटाने के लिए बाईं ओर दी गई ध्वनि प्रबलता वाली ऊपर या नीचे की कुन्जियाँ दबाएं।

# तीव्र कॉल

## *सिम फोनबुक से तीव्र कॉल*

अपने पास संपर्क की क्रम संख्या (जैसे: 5) होने पर आप सिम से डायल करना चाहें, तो आप निष्क्रिय अवस्था में 5# प्रविष्ट कर सकते हैं। फोन सिम में रक्षित संबंधित नाम प्रदर्शित करेगा, नंबर को कॉल करने हेतु दबाएं।

## *कॉल सूची से तीव्र कॉल*

निष्क्रिय अवस्था में, *कॉल लॉग* सूची को एक्सेस करने हेतु दबाएं। कोई नंबर चुनें और नंबर डायल करने के लिए दबाएं।

# आपातकालीन कॉल करना

## *सिम कार्ड रहित*

अपना फोन चालू करें, स्क्रीन पर आपको सिम डालने हेतु याद दिलाने संबंधी जानकारी प्रदर्शित होती है, आपातकालीन कॉल डायल करने के लिए SOS दबाएं।

## *सिम कार्ड सहित*

निष्क्रिय अवस्था में, 112 प्रविष्ट करें, फिर डायल करने हेतु दबाएं।

# एक से अधिक कॉलें करना

एक साथ दो या अधिक कॉलें या कॉन्फ्रेन्स कॉलें करना आपके ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर करता है।

## दूसरी कॉल करना

किसी सक्रिय कॉल या होल्ड की गई कॉल के दौरान आप दूसरी कॉल कर सकते हैं। फोन पर बात करते हुए, कोई नंबर डायल करें (या फोनबुक में संपर्क चुनें), और दबाएं। पहली कॉल होल्ड कर दी जाती है और दूसरा नंबर डायल किया जाता है। फिर आप निम्न विकल्प चुनने के लिए दबा सकते हैं जिनमें शामिल हैं:

- कॉलें बदलने के लिए *अदल-बदल* ।
- कॉलकर्ता को एक कॉन्फ्रेन्स कॉल में लाने हेतु *सम्मेलन* ।

## दूसरी कॉल का उत्तर देना

आपको पहले से बातचीत में होने पर दूसरी कॉल प्राप्त करने पर,

| | |
|---|---|
| दबाएं | कॉल का उत्तर देने हेतु (पहली कॉल होल्ड पर रखी जाती है)। |
| या दबाएं | कॉल अस्वीकार करने हेतु। |
| *विकल्प* दबाएं | विकल्प सूची खोलने हेतु। वर्तमान कॉल को समाप्त करने के लिए आप *समाप्त* चुन सकते हैं, फिर इनकमिंग कॉल का उत्तर दें। |

फोन एक बीप सतर्क देता है और स्क्रीन पर कॉल की जानकारी प्रदर्शित होती है। फिर आप:

***दूसरी कॉल प्राप्त करने हेतु, आपके द्वारा वॉयस कॉलों के लिए** कॉल अंतरण **निष्क्रिय और** कॉल प्रतीक्षा **में सक्रिय किया हुआ होना चाहिए।***

# 3. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि

आप अंग्रेज़ी अक्षर, शब्द, चिह्न एवं नंबर प्रविष्ट करने हेतु इन्पुट विधियाँ चुन सकते हैं। स्क्रीन पर प्रदर्शित होने वाले चिह्न सक्रिय पाठ्य मोड दर्शाते हैं।

## क्रिया कुन्जियाँ

| | |
|---|---|
| [−] | वर्ण मिटाने या संपादन मोड समाप्त करने हेतु। |
| ▲ ▼ ◀ ▶ | कर्सर घुमाने, सूची से अक्षर, मोनोग्राम, शब्द या चिह्न चुनने, या सूची में नीचे स्क्रॉल करने हेतु। |
| [☎] | निष्क्रिय अवस्था में लौटने हेतु। |
| [−] | सूची से चुनिंदा शब्द चुनने या विकल्प मीनू में प्रविष्ट करने हेतु। |
| [*+] | चिह्न प्रविष्ट करने हेतु। |
| [#] | इन्पुट विधि चुनने हेतु। |

## मल्टी-टैप ABC/abc इन्पुट

मल्टी-टैप इन्पुट विधि चुनने हेतु, स्क्रीन पर “ABC” या “abc” प्रदर्शित होने तक [#] दबाएं। इस विधि के लिए इच्छित वर्ण तक पहँचने हेतु कुन्जियों को एक से अधिक बार दबाना आवश्यक है: अक्षर “h” कुन्जी [4GHI] पर दूसरा अक्षर है, अतः आपको अक्षर “h” प्रविष्ट करने हेतु उसे दो बार दबाना होगा। यदि आपके द्वारा प्रविष्ट किया जाने वाला इच्छित अक्षर और आपके द्वारा अभी प्रविष्ट किया गया अक्षर एक ही कुन्जी पर हों, तो कर्सर प्रदर्शित होने तक केवल कुछ सेकेंड के लिए प्रतीक्षा करें।

*मल्टीटैप ABC/abc इन्पुट विधि में खाली स्थान प्रविष्ट करने के लिए आप [0] कुन्जी दबा सकते हैं।*

***उदाहरण: शब्द “होम” कैसे प्रविष्ट करें:***

[4GHI], [4GHI] (GHI) [6MNO], [6MNO], [6MNO] (MNO), [6MNO] (MNO), [3DEF], [3DEF] (DEF) कुन्जी दबाएं।

प्रत्येक कुन्जी पर स्थित अक्षर, नंबर एवं चिह्न नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित किए गए हैं:

| कुन्जी | प्रदर्शन क्रम में वर्ण |
|---|---|
| [1] | . , - ? ! , @ : # $ / _ 1 |
| [2ABC] | a b c 2 |
| [3DEF] | d e f 3 |
| [4GHI] | g h i 4 |
| [5JKL] | j k l 5 |
| [6MNO] | m n o 6 |
| [7PQRS] | p q r s 7 |
| [8TUV] | t u v 8 |
| [9WXYZ] | w x y z 9 |
| [0] | ␣ 0 |

# स्मार्ट ABC/abc इन्पुट

यह एक व्यापक शब्दकोश सहित संदेशों के लिए एक बुद्धिमत्तापूर्ण संपादन मोड है। यह आपको अधिक तीव्रता से पाठ्य प्रविष्ट करने में सहायता करता है। स्मार्ट इन्पुट विधि चुनने हेतु स्क्रीन पर “eZi ABC” या “eZi abc” प्रदर्शित होने तक # दबाएं। किसी शब्द की वर्तनी हेतु उसके प्रत्येक अक्षर से संबंधित संख्यात्मक कुन्जी पर केवल एक बार दबाएं: कुन्जियों के दबने का विश्लेषण और सुझावित शब्द प्रदर्शित किया जाता है। प्रयोग की गई कुन्जियों के अनुसार कई शब्द उपलब्ध होने पर, आप स्मार्ट ABC/abc अंतर्निर्मित शब्दकोश द्वारा प्रस्तावित शब्दों में से चुनने हेतु ▲ या ▼ दबा सकते हैं (नीचे उदाहरण देखें)।

***उदाहरण: शब्द “होम” कैसे प्रविष्ट करें:***

1. क्रमवार कुन्जी 4GHI, 6MNO, 6MNO, 3DEF दबाएं।
   स्क्रीन अक्षर प्रदर्शित करती है: *गुड* ।
2. *होम* तक स्क्रॉल करने और चुनने हेतु ▼ दबाएं।
3. *होम* शब्द की पुष्टि करने हेतु – दबाएं।

# संख्यात्मक इन्पुट

इस विधि के साथ आप नंबर प्रविष्ट करने हेतु संबद्ध कुन्जियाँ दबा सकते हैं।

# 4. फोनबुक

सम्पर्क दो उपलब्ध फोनबुकों में से एक में रक्षित किए जाते हैं: आपके सिम कार्ड में (कार्ड की क्षमता के अनुसार प्रविष्टियों की संख्या) या आपके फोन में (200 नामों तक)। नए नाम प्रविष्ट करते समय, सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही जोड़े जाएंगे।

## फोनबुक में सम्पर्क खोजना

### *प्रविष्टि खोज विकल्प*

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, *प्रविष्टि खोजें* चुनें।
2. नाम प्रविष्ट करें, फिर *विकल्प* दबाएं, दबाएं।

### *फोनबुक सूची*

फोनबुक सूची को एक्सेस करने हेतु निष्क्रिय अवस्था में दबाएं, जिस अक्षर को आप सूची में डालना चाहते हैं उससे संबंधित कुन्जी दबाएं (जैसे अक्षर ल को एक्सेस करने के लिए 9wxyz को तीन बार दबाएं)। सूची में इस अक्षर से आरंभ होने वाला प्रथम रिकॉर्ड चुना जाता है।

## सम्पर्क प्रबंधन

फोनबुक की सूची में से एक नाम चुनें और निम्न विकल्पों तक पहुँचने हेतु *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *IP डायल* | *SMS भेज रहे हैं* |
| *देखें* | *संपादंन* |
| *मिटाएं* | *कॉपी* |
| *स्थानांतरण* | *प्रतिरुप* |

## नाम के साथ फोन नंबर रक्षित करना

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, फिर *नई प्रविष्टि जोड़ें* चुनें। मेमोरी चुनें और दबाएं।
2. *सिम को* चुनने पर, आपको *नाम* और *नंबर* प्रविष्ट करने की आवश्यकता होगी। प्रविष्टि समाप्त करने पर, दबाएं और नंबर प्रविष्ट करें, फिर दबाएं।
3. *फोन को* चुनने पर, प्रचालन क्रम ऊपर दिए गए क्रम के समान होगा। आप *नाम*, *नंबर*, *घर का नंबर*, *कम्पनी का नाम*, *ई-मेल पता*, *कार्यालय का नंबर*, *फैक्स नंबर* प्रविष्ट कर सकते हैं और *चित्र संबद्व करें*, *ध्वनि संबद्व करें* और *कॉलर समूह* चुन सकते हैं। पुष्टि करने हेतु दबाएं। आपका फोन आपको सूचित करेगा कि नाम रक्षित कर लिया गया है।

## फोनबुक प्रतिलिपि करना

आप अपने फोन से सभी सम्पर्क सिम कार्ड में और सिम कार्ड से फोन में प्रतिलिपित कर सकते हैं।

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, *सभी को कॉपी करें* चुनें, फिर दबाएं।
2. *सिम से* या *फोन से* चुनें, दबाएं।

3. स्क्रीन पर सूचक संदेश प्रदर्शित किया जाता है। पुष्टि करने/प्रचालन रद्द करने हेतु *हाँ*/*नहीं* चुनें।

## फोनबुक प्रविष्टि प्रतिलिपित या स्थानांतरित करें

1. *फोन पुस्तक तालिका* से संपर्क चुनें, *विकल्प* दबाएं।
2. *कॉपी करें*/ *स्थानांतरण*/ *प्रतिरूप* चुनें, फिर दबाएं।

| | |
|---|---|
| *कॉपी करें* | संपर्क को किसी अन्य मेमोरी में प्रतिलिपि करने हेतु। |
| *स्थानांतरण* | संपर्क को किसी अन्य मेमोरी में स्थानांतरित करने हेतु। |
| *प्रतिरूप* | संपर्क को उसी मेमोरी में प्रतिलिपि करने हेतु। |

## सम्पर्क मिटाना

### एक-एक कर सम्पर्क मिटाना

विधि ए:

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, *सभी मिटाएं* चुनें।
2. *एक एक करके* चुनें, फिर वे संपर्क चुनें जिन्हें आप फोन बुक सूची से मिटाना चाहते हैं और दबाएं।

विधि बी:

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक तालिका* को एक्सेस करें।
2. वह प्रविष्टि चुनें जिसे आप मिटाना चाहते हैं और दबाएं, फिर *मिटाएं* चुनें और दबाएं।

### *सभी मिटाएं*

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें।
2. *सब मिटाएं* चुनें। आपको *सिम से* या *फोन से* चुनना होगा।

## कॉलकर्ता समूह

यह विकल्प आपको फोनबुक में संपर्कों को प्रयोक्ताओं हेतु सुविधाजनक क्रम एकत्रित करने में मदद करता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में *फोन पुस्तक* को एक्सेस करें, *कॉलर समूह* चुनें।
2. कोई समूह चुनें और दबाएं।
3. परिवर्तन करने हेतु संबंधित विकल्प चुनें।

आप निम्न विकल्प सेट कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| *रिंग प्रकार* | समूह के संपर्कों से कॉल के लिए संकेत ध्वनि सेट करने हेतु। |
| *सक्रिय प्रकार* | समूह के संपर्कों से कॉल के लिए सतर्क प्रकार सेट करने हेतु। |
| *चित्र* | समूह के संपर्कों से कॉल आने पर स्क्रीन पर प्रदर्शित होने वाला चित्र सेट करने हेतु। |
| *समूह का नाम* | समूह का नाम सेट करने हेतु। |
| *सदस्य तालिका* | समूह के सदस्य जोड़ने या मिटाने हेतु। |

## अतिरिक्त नंबर

### *धारक का नंबर*

*धारक का नंबर* आइटेम आपको स्वयं अपना फोन नंबर रक्षित करने में सहायता करता है। हम सुझाव देते हैं कि आप अपने मोबाइल नंबर के साथ-साथ कोई अन्य संबद्ध जानकारी प्रविष्ट करें।

*हालांकि, धारक का नंबर आइटेम के सभी क्षेत्र खाली हो सकते हैं, परन्तु इसे मिटाया नहीं जा सकता।*

### *सेवा डायल नंबर*

यह नेटवर्क प्रदाता द्वारा प्रदान की जाने वाली एक सेवा है। संबंधित क्रिया हेतु, कृपया नेटवर्क प्रदाता से पूछें।

### *एसओएस नंबर*

एसओएस नंबर आपके देश में आपातूकालीन सेवाओं के नंबर पर कॉल करेगा। अधिकांश मामलों में, आप बिना सिम कार्ड डाले या बिना अपना पिन प्रविष्ट किए इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

*यूरोप में मानक आपातूकालीन नंबर 112 है, यू.के. में यह 999 है।*

## सेटिंग

### *मेमोरी की स्थिति*

प्रत्येक फोनबुक में कुल उपलब्ध संख्या में से, अपने द्वारा रक्षित किए गए सभी संपर्क प्रदर्शित करने हेतु यह मीनू चुनें।

### पसंदीदा मेमोरी

डिफॉल्ट मेमोरी को संपर्क रक्षित करने के लिए सेट करने हेतु यह मीनू चुनें।

### क्षेत्र

फोन मेमोरी में प्रदर्शित होने वाली आइटेम्स सेट करने हेतु यह मीनू चुनें।

# 5. संदेश

## एसएमएस

यह मीनू आपको लघु संदेश सेवा (एसएमएस) के प्रयोग द्वारा पाठ्य संदेश भेजने और आपके द्वारा प्रेषित और प्राप्त संदेशों को प्रबंधित करने में सहायता करता है।

### *संदेश लिखना*

एसएमएस लिखने और भेजने के लिए, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें:

1. *संदेश लिखें* चुनें, अपना पाठ्य प्रविष्ट करें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु [−] दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संपन्न* | संदेश पूर्ण करने हेतु। |
| *टेम्प्लेट उपयोग* | कोई पूर्वनियोजित संदेश चुनने हेतु। |
| *वस्तु डालें* | अपने संदेश में चित्र, एनिमेशन, धुन और ध्वनि जोड़ने हेतु। |
| *पाठ्य फॉर्मैट करें* | *पाठ्य शैली*, *झुकाव* और *नई अनुच्छेद* का सरेखण सेट करने हेतु। |
| *डालने की विधि* | इनपुट विधि चुनने हेतु। |

2. *संपन्न* चुनें, फिर अगले विकल्प एक्सेस करने हेतु [−] दबाएं:

| | |
|---|---|
| *केवल भेजें* | संदेश भेजने हेतु। |
| *रक्षण तथा भेजें* | संदेश को आउटबॉक्स में रक्षित करने और फिर संदेश भेजने हेतु। |
| *रक्षण* | संदेश को आउटबॉक्स में रक्षित करने हेतु। |
| *अनेक को भेजें* | कई व्यक्तियों को संदेश भेजने हेतु। |
| *समूह द्वारा भेजें* | किसी कॉलकर्ता समूह में सभी संपर्कों को संदेश भेजने हेतु। |

3. नंबर प्रविष्ट करें: [−] दबाएं, कोई नंबर प्रविष्ट करें या कोई संपर्क चुनें और [−] दबाएं।

*आपके द्वारा एसएमएस नेटवर्क द्वारा संदेश भेजने पर, आपका फोन "प्रेषित" समवतः प्रदर्शित करता है। इसका अर्थ है कि आपके द्वारा संदेश, अपने सिम कार्ड में निर्धारित, एसएमएस केन्द्र में भेज दिया गया है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि संदेश अपने गंतव्य पर भेजा जा चुका है।*

### *इनबॉक्स*

यह मीनू आपको अपने द्वारा प्राप्त किए गए एसएमएस संदेश पढ़ने की अनुमति देता है। संदेश एक सूची में प्रदर्शित किए जाते हैं। संदेश प्रदर्शित होने पर, उसे पढ़ने के लिए [−] दबाएं, फिर नीचे दिए गए मीनू विकल्प एक्सेस करने हेतु [−] *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *जवाब दें* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |
| *अग्रेषित* | चुनिंदा संदेश अग्रेषित करने हेतु। |
| *गपशप* | प्रेषक के साथ गपशप करने हेतु। |
| *संपादन* | एसएमएस संपादित करने, परिवर्तित करने और किसी को भेजने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |

| | |
|---|---|
| *सभी को मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |
| *नंबर प्रयोग करें* | प्रेषक का नंबर या संदेश में प्रदर्शित नंबर निकालने, सिम कार्ड या फोन में नंबर रक्षित करने, नंबर डायल करने हेतु। |
| *वस्तुएं रक्षण* | अपने फोन में संदेश में चित्र जैसी मल्टीमीडिया आइटम रक्षित करने हेतु। |
| *SMS कॉपी फोन तक/SMS कॉपी सिम तक* | सिम/फोन में रक्षित चुनिंदा संदेश फोन/सिम में प्रतिलिपि करने हेतु। |
| *SMS फोन तक ले जाएं/SMS सिम तक ले जाएं* | सिम/फोन में रक्षित चुनिंदा संदेश फोन/सिम में स्थानांतरित करने हेतु। |
| *सभी SMS कॉपी* | सिम/फोन में रक्षित सभी संदेश फोन/सिम में प्रतिलिपि करने हेतु। |
| *सभी SMS ले जाएं* | सिम/फोन में रक्षित सभी संदेश फोन/सिम में स्थानांतरित करने हेतु। |

### *आउटबॉक्स*

केवल आपके द्वारा *रक्षण तथा भेजें* या *रक्षण* चुन कर संदेश भेजने पर ही संदेश आउटबॉक्स में रक्षित किया जा सकता है।

संदेश प्रदर्शित होने पर, उसे पढ़ने के लिए [–] दबाएं, फिर नीचे दिए गए मीनू विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *भेजें* | चुनिंदा संदेश भेजने हेतु। |
| *संपादन* | सीधे भेजने या पुनः-संपादित करने फिर अन्य को भेजने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |
| *नंबर प्रयोग करें* | प्राप्तकर्ता का नंबर या संदेश में प्रदर्शित नंबर निकालने, सिम कार्ड या फोन में नंबर रक्षित करने, नंबर डायल करने हेतु। |
| *SMS कॉपी फोन तक/SMS कॉपी सिम तक* | सिम/फोन में रक्षित चुनिंदा संदेश फोन/सिम में प्रतिलिपि करने हेतु। |
| *SMS फोन तक ले जाएं/SMS सिम तक ले जाएं* | सिम/फोन में रक्षित चुनिंदा संदेश फोन/सिम में स्थानांतरित करने हेतु। |
| *सभी SMS कॉपी* | सिम/फोन में रक्षित सभी संदेश फोन/सिम में प्रतिलिपि करने हेतु। |
| *सभी SMS ले जाएं* | सिम/फोन में रक्षित सभी संदेश फोन/सिम में स्थानांतरित करने हेतु। |

### *टेम्प्लेट*

यह मीनू आपको अपने द्वारा प्रायः प्रयोग किए जाने वाले दस संदेशों तक पूर्वनियोजित करने में सहायता करता है। कोई संदेश चुनें औरअगले विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] दबाएं।

| | |
|---|---|
| *संपादन* | नया संदेश लिखने या चुनिंदा पूर्वनियोजित संदेश संपादित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | पूर्वनियोजित चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |

### *संदेश सेटिंग*

यह मीनू आपको एसएमएस सेटिंग का संरूपण करने में सहायता करता है। विकल्प हैं:

#### प्रोफाइल सेटिंग

| | |
|---|---|
| *SC का पता* | आपका प्राथमिक एसएमएस केन्द्र चुनने हेतु। **अपने सिम कार्ड पर उपलब्ध न होने पर, आपको अपने एसएमएस केन्द्र का नंबर प्रविष्ट करना होगा।** |
| *मान्य काल* | एमएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा निर्धारित करने हेतु। ऐसा प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से संपर्क में न होने (और इसलिए तुरन्त आपका संदेश प्राप्त न कर पाने) पर लाभदायक होता है। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |
| *संदेश प्रकार* | संदेश प्रकार चुनने हेतु। यह विकल्प नेटवर्क पर निर्भर करता है। |
| *प्रोफाइल नाम* | प्रोफाइल का नाम संपादित करने हेतु। |

#### सामान्य सेटिंग

| | |
|---|---|
| *सुपुर्दगी रिपोर्ट* | *ऑन* होने पर, यह विकल्प आपको एसएमएस द्वारा सूचित करेगा कि आपके प्राप्तकर्ता ने एसएमएस प्राप्त किया है या नहीं। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |
| *प्रत्योत्तर मार्ग* | *ऑन* होने पर, यह विकल्प आपको संदेश के साथ अपने एसएमएस केन्द्र का नंबर प्रसारित करने में सहायता करता है। फिर प्राप्तकर्ता आपके अपने एस एम एस केन्द्र द्वारा उत्तर दे सकता है और स्वयं अपने एस एम एस केन्द्र द्वारा नहीं। यह प्रसारण की गति तीव्र कर देता है। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |

#### रक्षण स्थिति

यह विकल्प सिम कार्ड और फोन में रक्षित संदेशों की रक्षण स्थिति प्रदर्शित करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

#### प्राथमिक मेमोरी

यह विकल्प आपको प्राप्त संदेशों को रक्षित करने हेतु चुनिंदा प्राथमिक रक्षण चुनने में मदद करता है।

### प्राथमिक धारक

यह विकल्प आपको प्राथमिक प्रसारण मोड सेट करने में सहायता करता है। अधिक ब्यौरे के लिए, कृपया नेटवर्क प्रदाता से संपर्क करें।

## एमएमएस

आपका मोबाइल फोन एमएमएस (मल्टीमीडिया संदेश सेवा) संदेश भी प्रेषित और प्राप्त कर सकता है। एमएमएस द्वारा आप चित्रों, ध्वनियों और पाठ्य को शामिल करने वाले संदेश भेज सकते हैं।
एमएमएस संदेश भेजते समय, आपका संदेश देखने के लिए आपके प्राप्तकर्ता के पास एक एमएमएस-समर्थित फोन होना चाहिए।

### *संदेश लिखना*

एमएमएस लिखने और भेजने के लिए, नीचे दिए गए विस्तृत क्रमों का पालन करें:

1. *संदेश लिखें* चुनें, निम्न संदेश प्रविष्ट करें।

| | |
|---|---|
| *को* | प्राप्तकर्ता का नंबर या ई-मेल सेट करने हेतु। |
| *Cc* | एक ही साथ संदेश भेजने के लिए प्राप्तकर्ता का नंबर या ई-मेल सेट करने हेतु। |
| *Bcc* | गुप्त रूप से संदेश भेजने के लिए प्राप्तकर्ता का नंबर या ई-मेल सेट करने हेतु। |
| *विषय* | संदेश का विषय सेट करने हेतु। |
| *विषय वस्तु संपादन* | संदेश की विषयवस्तु संपादित करने हेतु। आप पाठ्य, आकृति, ध्वनि और संलग्नक जोड़ सकते हैं। |

2. संपादन समाप्त करने और अगले विकल्प एक्सेस करने हेतु ⊟

| | |
|---|---|
| *केवल भेजें* | संदेश भेजने हेतु। |
| *रक्षण तथा भेजें* | संदेश को आउटबॉक्स में रक्षित करने और फिर भेजने हेतु। |
| *ड्राफ्ट् में रक्षण* | बाद में भेजने के लिए संदेश को ड्राफ्ट्स में रक्षित करने हेतु। |
| *विकल्प भेजें* | प्रेषण विकल्प सेट करने हेतु। |
| *बाहर* | संपादन मोड से बाहर आने हेतु। आपको संदेश रक्षित करने के विषय पूछने के लिए एक सुझाव संदेश प्रदर्शित किया जाएगा। |

### *इनबॉक्स*

यह मीनू आपको अपने द्वारा प्राप्त किए गए एमएमएस संदेश पढ़ने में मदद करता है। कोई संदेश चुनें, फिर निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु ⊟ दबाएं।

| | |
|---|---|
| *देखें* | संदेश देखने हेतु, आप विकल्प मीनू एक्सेस करने के लिए ⊟ दबा सकते हैं और मल्टीमीडिया आइटेम चलाने या रक्षित करने हेतु *चलाएं*/*की तरह चित्र रक्षण*/*की तरह ध्वनि रक्षण* चुन सकते हैं। |
| *विशेषताएं* | प्रेषक, विषय, तिथि और आकार देखने हेतु। |
| *जवाब दें* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |

| | |
|---|---|
| *सभी को जवाब दें* | प्रेषक और 'को' एवं 'सीसी' कॉलमों में सभी को उत्तर देने हेतु। |
| *अग्रेषित* | अन्य व्यक्तियों को संदेश भेजने हेतु। |
| *मिटाएं* | संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |
| *नंबर उपयोग करें* | संदेश में प्रयुक्त नंबर निकालने हेतु। |

### आउटबॉक्स

यह मीनू *रक्षण तथा भेजें* चुन कर सभी संदेश रक्षित करने हेतु प्रयोग किया जाता है। आप निम्न प्रचालन कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| *देखें* | संदेश देखने हेतु। |
| *प्रोपर्टी* | प्रेषक, विषय, तिथि और आकार देखने हेतु। |
| *दूसरों को भेजें/पुनः भेजें* | अन्य व्यक्तियों को संदेश भेजने हेतु। संदेश सफलतापूर्वक न भेजे जाने पर, वह पुनः भेजें प्रदर्शित करेगा। |
| *मिटाएं* | संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |
| *नंबर उपयोग करें* | संदेश में प्रयुक्त नंबर निकालने हेतु। |

### ड्राफ्ट्स

*ड्राफ्ट् में रक्षण* चुन कर सभी संदेश सूचीबद्ध करें। आप निम्न प्रचालन कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| *देखें* | संदेश देखने हेतु। |
| *प्रोपर्टी* | प्रेषक, विषय, तिथि और आकार देखने हेतु। |
| *भेजें* | संदेश भेजने हेतु। |
| *संदेश संपादन* | संदेश संपादित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | संदेश मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | ड्राफ्ट्स में सभी संदेश मिटाने हेतु। |
| *नंबर उपयोग करें* | संदेश में प्रयुक्त नंबर निकालने हेतु। |

*आपके द्वारा ड्राफ्ट्स में प्राप्तकर्ता सेट न करने पर, विकल्प मीनू में भेजें विकल्प प्रदर्शित नहीं होगा।*

### टेम्प्लेट्स

पाँच प्रायः प्रयोग होने वाले संदेश सूचीबद्ध करता है। आप एक नया संदेश लिखते समय ये संदेश प्रयोग कर सकते हैं। कोई संदेश चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] दबाएं।

| | |
|---|---|
| *देखें* | संदेश की विषयवस्तु देखने हेतु। |
| *प्रोपर्टी* | प्रेषक, सीसी, विषय और आकार देखने हेतु। |
| *संदेश लिखें* | टेम्प्लेट को नए संदेश के रूप में प्रयोग करने हेतु। आप उसे संपादित कर सकते हैं। |

### *संदेश सेटिंग*

यह मीनू आपको संदेश प्रेषण या प्राप्ति हेतु एमएमएस संरूपण सेट करने में सहायता करता है।

| | |
|---|---|
| *भेजना जारी* | एमएमएस भेजने के लिए *मान्यता काल*, *सुपुर्दगी रिपोर्ट*, *रिपोर्ट पढ़ें*, *प्राथमिकता*, *स्लाइड की टाइमिंग* और *भेजने का समय* विकल्प सेट करने हेतु। |
| *प्राप्तरत* | एमएमएस प्राप्ति के लिए *गृह नेटवर्क*, *रोमिंग*, *रिपोर्ट पढ़ें* और *सुपुर्दगी रिपोर्ट* विकल्प सेट करने हेतु। |
| *फिल्टर* | *बेनाम* , *अधिकतम आकार* और *प्रचार* विकल्प सेट करने हेतु। |
| *प्रोफाइल संपादन* | नेटवर्क संरूपण सेट करने हेतु। आप नेटवर्क प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं। |
| *स्वचालित हस्ताक्षर* | यह विकल्प *ऑन* या *ऑफ* पर सेट किया जा सकता है और आपको स्वत: ही अपना नाम या अपने संदेश में अन्य विषयवस्तु प्रविष्ट करने में सहायता करता है। |
| *मैमोरी स्थिति* | एमएमएस रक्षण स्थिति देखने हेतु। |

## गपशप

यह मीनू आपको एसएमएस द्वारा अपने संपर्क के साथ गपशप करने में सहायता करता है।

1. गपशप कक्ष चुनें, फिर [–] दबाएं।
2. *गपशप कमरे की जानकारी* चुनें, *मेरा उपनाम* और *गंतव्य नंबर* प्रविष्ट करें, फिर [–] दबाएं।
3. *नया शुरू करें* चुनें, संदेश प्रविष्ट करें और उसे गपशप आरंभ करने हेतु भेज दें।

### *ध्वनि मेल सर्वर*

यह मीनू मेल सर्वर का नंबर सेट करने और ध्वनि मेल सुनने हेतु प्रयोग किया जाता है। आपको ध्वनि मेल प्राप्त होने पर, आपका प्रदाता आपके फोन को एक संदेश भेजेगा।

आप ध्वनि मेल सर्वर नंबर के दो समूह सेट कर सकते हैं। नेटवर्क सेवा प्रदाता नंबर प्रदान करता है।

कोई आइटेम चुनें, फिर निम्न विकल्प चुनने हेतु [–] दबाएं।

| | |
|---|---|
| *संपादन* | ध्वनि मेल सर्वर नंबर संपादित करने हेतु। |
| *वाणी से जोड़ें* | ध्वनि मेल सुनने हेतु। |

***आप निष्क्रिय अवस्था में [1] कुन्जी को देर तक दबाकर शीघ्रता से ध्वनि मेल सर्वर को एक्सेस कर सकते हैं।***

# प्रसारण सन्देश

प्रसारण सन्देश मोबाइल प्रयोक्ताओं के किसी समूह को प्रसारित किया जाने वाला एक विशिष्ट सार्वजनिक संदेश होता है। संदेश क्रमबद्ध किए गए चैनलों पर प्रसारित किए जाते हैं। सामान्यतः एक प्रसारण चैनल एक प्रकार का संदेश प्रसारित कर सकता है। कृपया अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें। वे उपयोगी चैनल और जानकारी सूची प्रदान करेंगे।

### *प्राप्ति मोड*

यह मीनू प्रसारण संदेशों की प्राप्ति निर्धारित करने हेतु प्रयोग किया जाता है। *ऑन* होने पर, आप प्रसारण संदेश प्राप्त कर सकते हैं। *ऑफ* होने पर, आप संदेश प्राप्त नहीं कर सकते।

### *संदेश पढ़ना*

प्राप्ति मोड सक्रिय करने के बाद प्रसारण संदेश पढ़ने हेतु।

### *भाषाएं*

प्राप्त किए जाने वाले संदेश की भाषा सेट करने हेतु।

### *चैनल सेटिंग*

चैनल सेट करने हेतु दबाएं, आप *चुनें*, *जोड़ें*, *संपादन* या *मिटाएं* चुन सकते हैं।

# 6. कॉल पंजी

यह मीनू आपको आउटगोइंग एवं इनकमिंग कॉलों, स्वतः पुनः डायल प्रयासों, और कॉल विवरणों की एक सूची प्रदान करता है। विभिन्न प्रकार की कॉलें (*डायल कॉल*, *छूटी कॉलें* और *प्राप्त कॉलें*) विभिन्न चिह्नों द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं। ऊपर सबसे हाल की कॉल के साथ वे सामयिक क्रम में प्रदर्शित की जाती हैं। आपकी फोनबुक में मित्र सूचीबद्ध रक्षित होने पर, संबंधित नाम प्रदर्शित होता है।

## छूटी कॉलें

यह मीनू आपको हाल की अनुत्तरित कॉलें देखने में मदद करता है। आप प्रत्येक छूटी कॉल की तिथि, समय और संख्या देख सकते हैं। एक वस्तु चुनें और तिथि, समय, छूटने की संख्या और नंबर देखने के लिए [–] दबाएं। निम्न विकल्प एक्सेस के लिए [–] *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *फोन पुस्तक में रक्षण* | नम्बर रक्षित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | नम्बर मिटाने हेतु। |
| *डायल करें* | नम्बर डायल करने हेतु। |
| *संपादन* | नम्बर संपादित करने और उसे फोनबुक में रक्षित करने हेतु। |

## डायल की गईं कॉलें

यह मीनू आपको प्रयासों या सफल बातचीत सहित, हाल में डायल की गई कॉलें देखने में मदद करता है।

## प्राप्त कॉलें

यह मीनू आपको हाल में प्राप्त की गई कॉलें देखने में सहायता करता है।

## कॉल लॉग मिटाना

यह मीनू आपको *छूटी कॉल*, *डायल कॉल*, *प्राप्त कॉल* मिटाने या *सभी को मिटाएं* में सहायता करता है।

## कॉल अवधि

यह मीनू आपको *कुल भेजा*, *कुल पाया* और *अंतिम कॉल समय* (प्रारूपः घंटों, मिनटों, सेकेंड) देखने में सहायता करता है। आप सभी कॉल समयक पुनः सेट करने हेतु *सारा समय रिसेट* प्रयोग कर सकते हैं।

***आपके नेटवर्क के लक्षणों, बिल के उद्देश्य हेतु पूर्णांकन, कर इत्यादि के अनुसार, आपके सेवा प्रदाता द्वारा कॉलों एवं सेवाओं हेतु प्रेषित वास्तविक समय बदल सकता है।***

## कॉल मूल्य

### *अंतिम कॉल मूल्य*

यह मीनू अंतिम कॉल का मूल्य प्रदर्शित करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

### *कुल मूल्य*

अंतिम बार मूल्य गणक पुनः सेट किए जाने के बाद सभी कॉलों का कुल मूल्य प्रदर्शित करने हेतु। कुल मूल्य *अधिकतम लागत* विकल्प में सेट किए गए अधिकतम मूल्य से अधिक होने पर, आप गणक पुनः सेट करने तक और कॉलें नहीं कर सकेंगे।

### *मूल्य पुनः सेट करें*

मूल्य गणक को पुनः सेट करने हेतु, पहले आपको अपना पिन2 कोड प्रविष्ट करना होगा।

### *अधिकतम मूल्य*

आपकी कॉलों के लिए अधिकतम मूल्य सेट करने हेतु (पिन2 प्रविष्ट करना आवश्यक)।

### *प्रति यूनिट मूल्य*

आपको मूल्य हेतु एक यूनिट सेट करने में सहायता करता है, यह प्रति यूनिट मूल्य आपकी कॉलों का मूल्य निकालने हेतु प्रयोग किया जाता है (पिन2 प्रविष्ट करना आवश्यक)।

## एसएमएस गणक

यह मीनू प्रेषित एवं प्राप्त संदेशों की संख्या प्रदर्शित करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

## जीपीआरएस गणक

यह मीनू जीपीआरएस द्वारा प्रेषित एवं प्राप्त डाटा की मात्रा की गणना करने हेतु प्रयोग किया जाता है। यूनिट एक बाइट होती है।

# 7. सेटिंग

यह मीनू आपको अपने फोन में प्रत्येक उपलब्ध विकल्प से संबंधित सेटिंग (समय एवं तिथि, सुरक्षा, कॉल अंतरण, आदि) बदलने में सहायता करता है।

## फोन सेटअप

### *समय एवं तिथि*

आपको कुन्जीपटल या नेवीगेशन कुन्जियों के प्रयोग द्वारा समय एवं तिथि सेट करने में सहायता करता है। आप निम्न सेट कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| *घर शहर नियत करें* | अपना शहर चुनने हेतु। |
| *समय/दिनांक नियत करें* | कुन्जीपटल या नेवीगेशन कुन्जियों के प्रयोग द्वारा अंक प्रविष्ट करने हेतु। |
| *फॉर्मेट सेट करें* | *समय फॉर्मेट* और *दिनांक फॉर्मेट* शामिल करने हेतु। |

### *चालू/बंद निर्धारित करना*

यह मीनू आपको अपने फोन को स्वतः चालू या बंद करने हेतु समय सेट करने में मदद करता है। एक वस्तु चुनें और निम्न विकल्प सेट करने हेतु [–] दबाएं।

| | |
|---|---|
| *स्थिति* | आप *समर्थ* (सेटिंग मान्य है) या *असमर्थ* (सेटिंग अमान्य है) चुन सकते हैं। |
| *पॉवर ऑन/ऑफ* | चालू या बंद करने हेतु चुनें। |
| *समय* | समय निर्धारित करने हेतु अंक प्रविष्ट करें। |

### *भाषा*

यह मीनू आपको समस्त मीनू पाठ्य हेतु एक भाषा चुनने में सहायता करता है। सूची ब्राउज़ करने के लिए ▲ या ▼ दबाएं और [–] दबाकर एक भाषा चुनें।

### *प्राथमिक इनपुट विधियाँ*

यह मीनू आपको प्राथमिक इनपुट विधि सेट करने में सहायता करता है।

### *प्रदर्शन विशेषता*

यह मीनू आपको निष्क्रिय अवस्था में प्रदर्शित होने वाले विकल्प सेट करने में सहायता करता है।

### *वॉलपेपर*

निष्क्रिय अवस्था में प्रदर्शित होने वाली मुख्य स्क्रीन की पृष्ठभूमिक आकृति सेट करें।

| | |
|---|---|
| *सिस्टम* | पूर्वनिर्धारित आकृति चुनने हेतु। |
| *प्रयोक्ता परिभाषित* | डाउनलोड की गई आकृति चुनने हेतु। |

### *स्क्रीन सेवर*

एक निर्धारित समय के लिए निष्क्रिय अवस्था में रहने के बाद प्रदर्शित होने वाली आकृति सेट करें।

| | |
|---|---|
| *सेटिंग* | *स्थिति (ऑन/ऑफ) और प्रतीक्षा में (स्क्रीन सेवर आकृति के प्रदर्शन हेतु समय सेट करें) सेट करें।* |
| *चुनें* | स्क्रीन सेवर के लिए आकृति चुनने हेतु। |

## चालू होने पर प्रदर्शन
आपको चालू होने पर प्रदर्शित होने वाली आकृति सेट करने में सहायता करता है।

| | |
|---|---|
| *सिस्टम* | पूर्वनिर्धारित आकृति चुनने हेतु। |
| *प्रयोक्ता परिभाषित* | डाउनलोड की गई आकृति चुनने हेतु। |

## बंद होने पर प्रदर्शन
आपको बंद होने पर प्रदर्शित होने वाली आकृति सेट करने में सहायता करता है।

| | |
|---|---|
| *सिस्टम* | पूर्वनिर्धारित आकृति चुनने हेतु। |
| *प्रयोक्ता परिभाषित* | डाउनलोड की गई आकृति चुनने हेतु। |

## समय एवं तिथि प्रदर्शित करना
आपको निष्क्रिय अवस्था में समय एवं तिथि प्रदर्शित करने हेतु चुनाव करने में सहायता करता है।

## धारक नंबर प्रदर्शित करना
आपको निष्क्रिय अवस्था में धारक नंबर प्रदर्शित करने हेतु चुनाव करने में सहायता करता है।

## कंट्रास्ट
यह मीनू आपको मुख्य स्क्रीन का कंट्रास्ट नियोजित करने में सहायता करता है।

कंट्रास्ट नियोजित करने हेतु आप ◂ या ▸ दबा सकते हैं।

## *ध्वनि प्रभाव*

## समकारी
यह मीनू संगीत बजाने हेतु फ्रीक्वेंसी सेट करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

## *स्वागत लेख*
यह मीनू आपको वैयक्तिक स्वागत लेख सेट करने में मदद करता है और आपके द्वारा अपना फोन चालू करने पर वह प्रदर्शित होता है। आपको निम्न विकल्प सेट करना होगा, फिर − *संपन्न* दबाना होगा

| | |
|---|---|
| *स्थिति* | स्वागत लेख का प्रदर्शन सक्रिय/निष्क्रिय करने हेतु। |
| *स्वागत लेख* | स्वागत लेख का पाठ्य सेट करने हेतु। |

## *तीव्र डायल*
यह मीनू आपको तीव्रता से फोनबुक में रक्षित नंबर डायल करने में मदद करता है। आप आठ तीव्र डायल नंबरों तक सेट कर सकते हैं और *तीव्र डायल ऑन* और *नंबर नियत करें* सेट करने की आवश्यकता होगी।

## *समर्पित कुन्जी*
निष्क्रिय अवस्था में, आप शीघ्रता से नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाकर पूर्वनिर्धारित क्रियाओं को एक्सेस कर सकते हैं। यह मीनू आपको मांग के अनुसार पूर्वनिर्धारित क्रियाएं बदलने में सहायता करता है।

### *समय एवं तिथि का स्वचालित अद्यतन*

यह मीनू आपको अपने फोन में स्वतः ही समय का अद्यतन करने में सहायता करता है।

## कॉल सेटअप

### *कॉल आईडी*

नेटवर्क की सहायता से आप अपने मित्र को अपनी पहचान प्रदर्शित करने या छिपाने हेतु *नेटवर्क द्वारा नियत करें*, *ID छपाएं* या *ID भेजें* चुन सकते हैं।

### *कॉल प्रतीक्षा*

यह विकल्प कॉल प्रतीक्षा *सक्रिय* या *निष्क्रिय* हेतु प्रयोग किया जाता है। यह विकल्प सक्रिय होने पर, कॉल के दौरान किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आप से संपर्क करने का प्रयास किए जाने आप एक बीप ध्वनि सुनेंगे। यह विकल्प निष्क्रिय होने पर, आपका फोन आपको सूचित नहीं करेगा और आपसे संपर्क करने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को व्यस्त ध्वनि सुनाई देगी या (आपका फोन *व्यस्त होने पर अंतरण* पर सेट होने पर) कॉल किसी अन्य फोन पर अंतरित हो जाएगी। इस विकल्प की स्थिति जानने के लिए *पूछताछ स्थिति* चुनें।

### *कॉल अंतरण*

इनकमिंग कॉलों को अपने मेलबॉक्स या किसी नम्बर (चाहे आपके संपर्कों में हो या नहीं) पर अंतरित करने हेतु।

| | |
|---|---|
| *सभी ध्वनि कॉल अंतरण* | सभी ध्वनि कॉलें अंतरित की जाएंगी। यह विकल्प चुनने पर, आप इसे निष्क्रिय करने तक कोई कॉल प्राप्त नहीं कर सकेंगे। |
| *व्यस्त होने पर अंतरण* | आपके द्वारा कॉल के दौरान व्यस्त होने पर अंतरित करने हेतु। |
| *अनुत्तरित होने पर अंतरण* | आपके द्वारा कोई उत्तर न दिए जाने पर अंतरित करने हेतु। |
| *पहुँच से बाहर होने पर अंतरण* | आपका फोन बंद या सेवा क्षेत्र से बाहर होने पर अंतरित करने हेतु। |
| *सभी डाटा कॉल अंतरण* | सभी डाटा कॉलें अंतरित करने हेतु। |
| *सभी अंतरण रद्द करें* | सभी अंतरण विकल्प रद्द करने हेतु। |

*सक्रिय* चुनें और नंबर प्रविष्ट करें। संबंधित अंतरण विकल्पों की स्थिति जानने के लिए *पूछताछ स्थिति* चुनें।

यह विकल्प सक्रिय करने से पहले, आपको अपना ध्वनि मेलबॉक्स नंबर प्रविष्ट करना होगा। यह विशेषता सेवा पर निर्भर करती है।

## कॉल रोधन

आपको केवल विशिष्ट कॉलों तक अपने फोन का प्रयोग सीमित रखने में सहायता करता है। यह *बाहर जाने वाली कॉल* (*सभी कॉल*, *अंतर्राष्ट्रीय कॉल* और *घर के अलावा अंतर्राष्ट्रीय*) पर और/या *आने वाली कॉलें* (*सभी कॉल* या *जब रोमिंग हों*)पर लागू किया जा सकता है। दोनों मामलों में, *सभी रद्द* विकल्प तुरन्त सभी कॉलों पर लागू होता है। *रोधन पासवर्ड बदलें* कॉल रोधन पासवर्ड बदलते समय प्रयोग किया जाता है। *पूछताछ स्थिति* आपको यह जानने में मदद करता है कि कोई कॉल प्रकार अवरुद्ध है या नहीं।

*यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए आपके सेवा प्रदाता द्वारा दिया गया विशिष्ट कॉल रोधन पासवर्ड आवश्यक है।*

## लाइन परिवर्तन

कुछ सिम कार्ड आपको दो उपभेक्ता नंबर (नेटवर्क सेवा) प्रयोग करने में सहायता करते हैं। यह क्रिया केवल सिम कार्ड द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होती है।

लाइन बदलने के लिए आप कोई लाइन चुनने हेतु (−) दबा सकते हैं।

## कॉल समय रिमाइंडर

यह मीनू आपको यह सेट करने में सहायता करती है कि कॉल समय के अनुसार बीप किया जाए या नहीं। आप *ऑफ* (बीप नहीं), *एक* (बीप अवधि के तौर पर 1 से 3000 सेकेंड में से चुनें) या *सामयिक* (सामयिक बीप अवधि के तौर पर 30 से 60 सेकेंड में से चुनें, आपका फोन हर एक मिनट बाद इस सामयिक अवधि में बीप करेगा) चुन सकते हैं।

## कॉल समय प्रदर्शन

यह मीनू यह सेट करने के लिए प्रयोग किया जाता है कि कॉल के दौरान कॉल समय प्रदर्शित किया जाए या नहीं।

## स्वतः पुनर्डायल

आपके द्वारा की गई कॉल का उत्तर न दिए जाने पर, आपका फोन स्वतः ही कुछ अंतरालों पर यह नंबर पुनर्डायल करता है। पुनर्डायल करने की प्रक्रिया समाप्त करने के लिए आप (◉) या रद्द करने हेतु (−) दबा सकते हैं।

## विशेष प्रयोक्ता समूह

यह क्रिया नेटवर्क पर निर्भर करती है। आप केवल अपने नेटवर्क प्रदाता द्वारा अपना फोन सेट किए जाने के बाद ही इस विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं। यह मुख्यतः आपके मित्र निर्धारित करने हेतु है। यह विकल्प सक्रिय होने पर, आप केवल इस समूह के प्रयोक्ताओं से बात कर सकते हैं।

## आईपी नंबर

आईपी कॉलें करने के लिए आईपी नंबर सेट करने हेतु। यह क्रिया सेवा और नेटवर्क पर निर्भर करती है। कॉन्फिगुरेशन पैरामीटर्स हेतु अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *ब्लैकलिस्ट*

यह मीनू आपको अपनी ब्लैकलिस्ट से इनकमिंग कॉलें अस्वीकार करने में सहायता करता है।

| | |
|---|---|
| *मोड* | आपको यह विकल्प *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में सहायता करता है। आपके द्वारा *ऑन* चुनने पर, आपका फोन ब्लैकलिस्ट में व्यक्तियों की सभी कॉलें अस्वीकार कर देगा। |
| *दोषी नंबर* | अस्वीकार करने के लिए नंबर सेट करने हेतु। |

## नेटवर्क सेटअप

### *नेटवर्क चयन*

यह मीनू आपको सेवा नेटवर्क चुनने में सहायता करता है (आपको *स्वचालित* चुनने का सुझाव देता है)।

| | |
|---|---|
| *स्वचालित* | आपका फोन स्वतः ही एक प्रयोग करने योग्य नेटवर्क का चुनाव करेगा और पंजीकृत हो जाएगा। |
| *हस्तचालित* | आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क की सूची प्रदान करता है। वह नेटवर्क चुनें जिसमें आप पंजीकृत होना चाहते हैं और पुष्टि करने हेतु [–] दबाएं। |

*आप अपने होम नेटवर्क के साथ किसी अन्य नेटवर्क का रोमिंग समझौता होने पर ही अपने होम नेटवर्क के अलावा कोई अन्य नेटवर्क चुन सकते हैं। आपके द्वारा नेटवर्क बदलने पर, आपके फोन के प्रचालन के दौरान कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।*

### *प्राथमिक नेटवर्क*

आपको प्राथमिकता के क्रम में एक नेटवर्क सूची बनाने में मदद करता है। एक बार निर्धारित करने पर, आपकी प्राथमिकताओं के अनुसार, फोन नेटवर्क पर पंजीकृत होने का प्रयास करेगा।

### *बैण्ड चयन*

यह मीनू कॉल के लिए नेटवर्क बैण्ड चुनने हेतु प्रयोग किया जाता है।

### *जीपीआरएस संपर्क*

यह मीनू संपर्क मोड सेट करने हेतु प्रयोग किया जाता है। आप *हमेशा* या *जब जरुरत हो* चुन सकते हैं।

## सुरक्षा सेटअप

### *सिम लॉक*

सिम लॉक सक्रिय होने पर, आपको पिन कोड प्रविष्ट करना होगा (पिन कोड प्रदाता द्वारा सिम कार्ड के साथ प्रदान किया जाता है)। आपके द्वारा प्रविष्ट किया गया पिन कोड तीन बार गलत होने पर, आपको पीयूके कोड (पिन अनलॉकिंग कोड) प्रविष्ट करना होगा। पीयूके कोड लॉक हो चुके पिन कोड को मुक्त करने या बदलने हेतु प्रयोग किया जाता है। पीयूके कोड प्रस्तुत न किए जाने या खो जाने पर, आप नेटवर्क प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं।

पिन कोड प्रविष्ट करें, फिर [–] दबाएं। यदि *सिम लॉक* की स्थिति *ऑफ* है, तो फिर उसकी स्थिति *ऑन* हो जाएगी, अन्यथा स्थिति *ऑफ* रहेगी।

## फोन लॉक

यह मीनू आपके फोन के लिए पासवर्ड सेट करने हेतु प्रयोग किया जाता है और प्राथमिक स्थिति *ऑफ* होती है। *फोन लॉक* सेट करने पर, आपको हर बार अपना फोन चालू करने पर पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा।

पासवर्ड प्रविष्ट करें, फिर [–] दबाएं। यदि *फोन लॉक* की स्थिति *ऑफ* है, तो फिर उसकी स्थिति *ऑन* हो जाएगी, अन्यथा स्थिति *ऑफ* रहेगी।

## स्वचालित कुन्जीपटल लॉक

यह मीनू आपके कुन्जीपटल को स्वतः ही लॉक करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

कुन्जीपटल लॉक करने की अवधि चुनें, फिर पुष्टि करने हेतु [–] दबाएं। कुन्जीपटल को मुक्त करने हेतु निष्क्रिय अवस्था में आप [–] *खोलें* दबा सकते हैं। स्क्रीन पर "*कुंजीपटल खोलने हेतु* [#] *दबाएं*" प्रदर्शित होने पर [#] दबाएं।

## सीमित डायल

यह मीनू आउटगोइंग कॉलें प्रतिबंधित करने हेतु प्रयोग किया जाता है। आपको पिन2 कोड प्रविष्ट करना होगा। नेटवर्क प्रदाता पिन2 कोड प्रदान करता है।

| | |
|---|---|
| *मोड* | इसमें दो मोड होते हैं: *ऑन* (आप कोई भी नंबर डायल कर सकते हैं) और *ऑफ* (आप केवल *अडिग डायल तालिका* में रक्षित नंबर ही डायल कर सकते हैं)।<br>सीमित डायल सूची को एक्सेस करने हेतु आप [–] *जोड़ें* दबा सकते हैं, फिर नाम और फोन नंबर प्रविष्ट करें, [–] दबाएं और पिन2 कोड प्रविष्ट करें, फिर [–] दबाएं। |
| *अडिग डायल तालिका* | सीमित डायल सूची को एक्सेस करने हेतु। आप [–] *जोड़ें* दबा सकते हैं, फिर नाम और फोन नंबर प्रविष्ट करें, [–] दबाएं और पिन2 कोड प्रविष्ट करें, फिर [–] दबाएं। |

*सभी सिम कार्ड में पिन2 नहीं होता। यदि आपके सिम कार्ड में न हो, तो यह विकल्प प्रयोग नहीं किया जा सकता।*

## अवरुद्ध डायल

यह मीनू आपको विभिन्न आउटगोइंग कॉलें प्रतिबंधित करने में सहायता करता है।

अपने सिम कार्ड की सहायता से, आप इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय कर सकते हैं।

## पासवर्ड बदलना

यह मीनू *पिन* कोड, *पिन2* कोड और *फोन लॉक पासवर्ड* बदलने हेतु प्रयोग किया जाता है।

### पिन
यह सिम कार्ड के साथ प्रदान किया जाता है। सेवा प्रदाता प्राथमिक मान प्रदान करता है। यदि आप लगातार तीन बार गलत पिन कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम का पिन कोड स्वतः अवरुद्ध हो जाएगा और मुक्त करने के लिए आपसे पीयूके कोड प्रविष्ट करने हेतु कहा जाएगा। आप सेवा प्रदाता से कोड प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप लगातार दस बार गलत पीयूके कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम कार्ड हमेशा के लिए अवरुद्ध हो जाएगा।

### पिन2
यह चार्जिंग या सीमित डायल आदि जैसी विशिष्ट नेटवर्क क्रियाओं को एक्सेस करने हेतु प्रयोग किया जाता है। यदि आप लगातार तीन बार गलत पिन कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम का पिन2 कोड स्वतः अवरुद्ध हो जाएगा। पिन2 कोड को मुक्त करने के लिए आपको सेवा प्रदाता को पीयूके2 कोड हेतु पूछना होगा। यदि आप लगातार दस बार गलत पीयूके2 कोड प्रविष्ट करते हैं, तो पिन2 कोड से संबंधित कोई भी क्रियाएं प्रयोग नहीं की जा सकेंगी।

### फोन लॉक पासवर्ड
यह आपके फोन को अन्य लोगों द्वारा अनाधिकृत प्रयोग से बचाता है। आपके द्वारा फैक्ट्री सेटिंग पुनः स्थापित करने पर पासवर्ड की आवश्यकता होती है। आरंभिक फोन लॉक पासवर्ड 1122 होता है।

## फैक्ट्री सेटिंग पुनः स्थापित करना

यह मीनू आपके फोन को उसके फैक्ट्री संरूपण पर पुनः सेट करने हेतु प्रयोग किया जाता है।
पासवर्ड प्रविष्ट करें, फिर पुष्टि करने हेतु ⌐ दबाएं।

*आपके द्वारा एक बार उचित पासवर्ड (पासवर्ड आपके फोन लॉक पासवर्ड के समान ही होता है, प्राथमिक मान 1122 होता है) प्रविष्ट करने के बाद, आपका फोन पुनः अपने फैक्ट्री संरूपण पर पहुँच जाएगा।*

# 8. मल्टीमीडिया

## कैमरा

आपके मोबाइल फोन में एक अंतर्निर्मित डिजिटल कैमरा है। आप चित्र खींच सकते हैं, उन्हें अपने फोन में रक्षित कर सकते हैं या केबल लाइन द्वारा अपने पीसी में स्थानांतरित कर सकते हैं, उन्हें वॉलपेपर के रूप में प्रयोग कर सकते हैं या एमएमएस द्वारा अपने मित्रों को भेज सकते हैं।

### *कैमरा सक्रिय करना*

*कैमरा* चुनें और निष्क्रिय अवस्था में कैमरा सक्रिय करने हेतु [—] दबाएं या बाईं ओर की सॉफ्टकुन्जी दबाएं।
कैमरा सक्रिय होने पर, पूर्वावलोकन स्क्रीन प्रदर्शित होती है।
नीचे दी गई तालिका कैमरा मोड में विभिन्न कुन्जियों के प्रचालन का ब्यौरा देती है।

| | |
|---|---|
| ▲ ▼ | आगे जाएं/पीछे लाएं। |
| ◀ ▶ | प्रदर्शन पूर्ति बढ़ाने/घटाने हेतु। |
| [कैमरा कुन्जी] या [OK] | चित्र खींचने हेतु। |
| [समाप्ति कुन्जी] | *कैमरा* मोड से बाहर आने और मुख्य स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| [—] | *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु। |
| [—] | पिछली स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| [1] | *सफेद संतुलन* सेट करने हेतु। |
| [2ABC] | *प्रभाव सेटिंग* |
| [3DEF] | *विलम्ब टाईमर* सेट करने हेतु। |
| [4GHI] | *मार जारी* सक्रिय / निष्क्रिय करने हेतु। |
| [5JKL] | *चित्र गुणवत्ता* सेट करने हेतु। |
| [6MNO] | *चित्र आकार* सेट करने हेतु। |

### *चित्र खींचना*

1. अपना चित्र फ्रेम में लें और चित्र खींचने हेतु [कैमरा कुन्जी] या [OK] दबाएं।
2. चित्र खींचने के बाद, एक दृश्य स्क्रीन प्रदर्शित होती है। चित्र रक्षित करने हेतु [—] दबाएं या चित्र को छोड़ने हेतु [—] दबाएं।

### *कैमरा मीनू में विकल्प*

| | |
|---|---|
| *चित्र दर्शक को* | *चित्र दर्शने वाला* को एक्सेस करने हेतु। |
| | *सफेद संतुलन*, *शॅटर ध्वनि* सेट करने हेतु। |
| *कैमरा सेटिंग* | *एक्सपोज़र* और *बैण्डिंग* । |
| *चित्र सेटिंग* | *चित्र आकार* और *चित्र गुणवत्ता* सेट करने हेतु। |
| *प्रभाव सेटिंग* | चित्र के लिए विशेष प्रभाव सेट करने हेतु। |
| *फ्रेम जोड़ें* | चित्र में फ्रेम जोड़ने हेतु। कुछ फ्रेम केवल किसी विशेष आकार हेतु ही प्रयोग करने योग्य होते हैं। |

| | |
|---|---|
| *मार जारी* | निरंतर कई चित्र खींचने हेतु। |
| *विलम्ब टाईमर* | विलम्ब समय सेट करने हेतु। आपके द्वारा चित्र खींचने हेतु क्रिया कुन्जी दबाने पर, आपके द्वारा सेट किए गए समय में चित्र खींचा जाएगा। |
| *डिफॉल्ट वापस लाएं* | कैमरा सेटिंग को उनके प्राथमिक मान पर पुनः सेट करें। |

# इमेजव्यूअर

आपके द्वारा चित्र खींचने और रक्षित करने पर, फाइल *चित्र दर्शाने वाला* फोल्डर में रक्षित की जाती है। आपके द्वारा मीनू खोलने पर, आपके चित्र सूक्ष्म चित्रों के रूप में प्रदर्शित होते हैं। सूची में ऊपर-नीचे करने हेतु ▲ और ▼ नेवीगेशन कुन्जियों का प्रयोग करें। निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *देखें* | चित्र प्रदर्शित करने हेतु। |
| *दृश्य मोड* | ब्राउज़ शैली को *सूची मोड* या *मैट्रिक्स मोड* के रूप में सेट करने हेतु। |
| *अग्रेषित* | अन्य विकल्पों पर चित्र लागू करने हेतु। |
| *पुनर्नामांकन* | चित्र पुनर्नामित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | चित्र मिटाने हेतु। |
| *सब फाइल मिटाएं* | सभी चित्र मिटाने हेतु। |
| *छाँटें* | आपको नाम, प्रकार, समय या आकार के अनुसार सभी चित्र क्रमबद्ध करने में सहायता करता है। |

# वीडियो रिकॉर्डर

यह मीनू वीडियो रिकार्ड करने हेतु प्रयोग किया जाता है, और वीडियो का प्रारूप एवीआई होता है।

## *वीडियो रिकॉर्डर सक्रिय करना*

*वीडियो रिकॉर्डर* चुनें और वीडियो रिकॉर्डर सक्रिय करने हेतु दबाएं। नीचे दी गई तालिका वीडियो रिकॉर्डिंग मोड में विभिन्न कुन्जियों के प्रचालन का ब्यौरा देती है।

| | |
|---|---|
| ▲ ▼ | आगे जाएं/पीछे लाएं। |
| ◄ ► | प्रदर्शन पूर्ति बढ़ाने/घटाने हेतु। |
| या OK | रिकॉर्डिंग चालू/बंद करने हेतु। |
| | वीडियो रिकॉर्डिंग मोड से बाहर आने और मुख्य स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| | *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु। |
| | पिछली स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| 1 | प्रभाव सेटिंग हेतु |
| 2 ABC | *सफेद संतुलन* सेट करने हेतु। |

### वीडियो रिकॉर्ड करना

अपना चित्र फ्रेम में लें और रिकार्डिंग चालू करने हेतु या दबाएं। रिकॉर्डिंग करते समय आप *रुकें* / *दुबारा शुरु करें* दबा सकते हैं। रिकॉर्डिंग बंद करने और वीडियो रक्षित करने हेतु , या दबाएं।

### वीडियो रिकॉर्डर मीनू में विकल्प

यह भाग विस्तारपूर्वक *वीडियो रिकॉर्डर* में *विकल्प* मीनू का वर्णन करता है।

| | |
|---|---|
| *प्लेयर को* | वीडियो प्लेयर को एक्सेस करने हेतु। |
| *कैमकोडर सेटिंग* | *सफेद संतुलन*, *EV*, *फ्रीक्वेंसी* और *वीडियो गुण* सेट करने हेतु। |
| *प्रभाव सेटिंग* | वीडियो के लिए विशेष प्रभाव सेट करने हेतु। |
| *डिफॉल्ट वापस लाएं* | रिकॉर्डर सेटिंग को उनके प्राथमिक मान पर पुनः सेट करें। |

## वीडियो प्लेयर

इस विकल्प को आप अपने द्वारा रिकॉर्ड या अपने फोन में रक्षित किए गए वीडियो देखने हेतु प्रयोग कर सकते हैं।
एक वीडियो चुनें, फिर निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *चलाएं* | वीडियो चलाने हेतु। |
| *पुनर्नामांकन* | वीडियो पुनर्नामित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | वीडियो मिटाने हेतु। |
| *सभी फाइलें मिटाएं* | सभी वीडियो मिटाने हेतु। |
| *छाँटे* | आपको नाम, प्रकार, समय या आकार के अनुसार सभी वीडियो क्रमबद्ध करने में सहायता करता है। |

## ऑडियो प्लेयर

यह मीनू आपको संगीत बजाने में सहायता करता है। प्लेयर फोल्डर में रक्षित संगीत को स्वतः खोजा और प्ले सूची में जोड़ा जा सकता है। आप संगीत के दौरान कोई कॉल डायल कर सकते हैं या किसी कॉल का उत्तर दे सकते हैं और प्लेयर ठहर जाएगा।

### ऑडियो प्लेयर सक्रिय करना

निष्क्रिय अवस्था में ▴ दबाएं या *ऑडियो प्लेयर* चुनें।
नीचे दी गई तालिका संगीत बजाने में विभिन्न कुन्जियों का प्रचालन सूचीबद्ध करती है।

| | |
|---|---|
| ▴ | बजाने/ठहरने हेतु |
| ▾ | रोकने हेतु |
| ◂ | पिछले संगीत पर जाने हेतु |
| ▸ | अगले संगीत पर जाने हेतु |
| ध्वनि प्रबलता कुन्जियाँ | संगीत की ध्वनि प्रबलता नियोजित करने हेतु |

| | |
|---|---|
| | *ऑडियो प्लेयर* से बाहर आने और मुख्य स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| | *प्ले तालिका* को एक्सेस करने हेतु, *विकल्प* मीनू को एक्सेस करने हेतु दबाएं। |
| | पिछली स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु |

### *ऑडियो प्लेयर मीनू में विकल्प*

| | |
|---|---|
| *चलाएं* | संगीत बजाने हेतु। |
| *विस्तार* | संगीत संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने हेतु। |
| *रिंग से जोड़ें* | संगीत को संकेत ध्वनि के रूप में सेट करने हेतु। |
| *नई तालिका* | ऑडियो प्लेयर में प्ले सूची ताज़ा करने हेतु। |
| *सेटिंग* | *तालिका स्वतः बनी*, *दोहराएं* (बमें संगीत आवर्ती मोड), *कोई भी* (बजाने का क्रम), *पृष्ठभूमि में बजाएं* (आपके द्वारा ऑडियो प्लेयर से बाहर आने पर बजाना जारी रखना है या नहीं) और *इक्वलाइज़र* शामिल हैं। |

### *संगीत जोड़ना/हटाना करना*

1. अपना फोन बंद करें।
2. अपने फोन को यूएसबी केबल लाइन द्वारा कम्प्यूटर से जोड़ें। कम्प्यूटर द्वारा आपका फोन पहचाने जाने पर, आप अपने फोन में संगीत प्रतिलिपि कर सकते हैं या अपने फोन से संगीत मिटा सकते हैं।

*बजाया जाने वाला समस्त संगीत मूल डायरेक्ट्री में रक्षित किया जाना चाहिए। यह एक निर्धारित स्थान है और आपको बदलने की अनुमति नहीं है।*

## ध्वनि रिकॉर्डर

यह मीनू आपको ध्वनि रिकॉर्ड करने में मदद करता है। आप अपने द्वारा रिकॉर्ड किया गया मेमो बजा सकते थे, पुनर्नामित कर सकते हैं और मिटा सकते हैं।

एक मेमो चुनें फिर दबाएं या सीधे *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु दबाएं।

| | |
|---|---|
| *रिकार्ड करें* | रिकॉर्डिंग चालू करने हेतु दबाएं, रिकॉर्डिंग हेतु *ठहरें* या *जारी* के लिए दबाएं। रिकॉर्डिंग समाप्त करने हेतु, *रुकें* दबाएं। नाम प्रविष्ट करें और फिर दबाएं। |
| *सेटिंग* | मेमो का प्रारूप सेट करने हेतु। |
| *चलाएं* | मेमो चलाएं। |
| *जोड़ें* | मेमो में ध्वनि जोड़ने हेतु। |
| *पुनः नाम दें* | मेमो पुनर्नामित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | मेमो मिटाने हेतु। |
| *सब मिटाएं* | सभी मेमो मिटाने हेतु। |
| *अग्रेषित* | अन्य विकल्पों पर मेमो लागू करने हेतु। |

# धुन कम्पोज़र

यह मीनू आपको अपनी पसंदीदा धुन संपादित करने और उसे संकेत ध्वनि के रूप में सेट करने में मदद करता है।
कोई धुन न होने पर, एक धुन बनाने के लिए आप – *जोड़ें* दबाएं और रचना के दौरान *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु – दबाएं। कोई धुन चुनने पर, आप *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु – दबाएं।

## *रचना में कुन्जियों के प्रचालन*

| | |
|---|---|
| 0 | विश्राम प्रविष्ट करने हेतु। |
| 1 - 7 | डू-साई प्रविष्ट करने हेतु। |
| 8 | कंपन प्रभाव प्रविष्ट करने हेतु। |
| 9 | बैकलाइट प्रभाव प्रविष्ट करने हेतु। |
| ▲ ▼ | सुर के चढ़ाव को ऊँचा, मध्यम या कम में बदलने हेतु। |
| # | सुर की स्थिति को ऊँची, सामान्य या कम में बदलने हेतु। |
| * | टेम्पो बदलने हेतु। |

*कंपन या बैकलाइट का चिन्ह चुनने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाएं फिर प्रभाव को चालू या बंद करने हेतु ▲ या ▼ कुन्जियाँ दबाएं*

## *रचना में विकल्प मीनू*

| | |
|---|---|
| *बजाएं* | धुन बजाने हेतु। |
| *खेल की गति* | धुन बजने की गति चुनने हेतु। |
| *यंत्र का चुनें* | संगीत वाद्य चुनने हेतु। |
| *रक्षण* | धुन रक्षित करने हेतु। |
| *सहायता* | सहायता जानकारी प्रदर्शित करने हेतु। |

## *धुन का विकल्प मीनू*

| | |
|---|---|
| *बजाएं* | धुन बजाने हेतु। |
| *संपादन* | धुन संपादित करने हेतु। |
| *जोड़ें* | नई धुन बनाने हेतु। |
| *पुनः नाम दें* | धुन पुनर्नामित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | धुन मिटाने हेतु। |
| *सब फाइल मिटाएं* | सभी धुनें मिटाने हेतु। |
| *अग्रेषित* | अन्य विकल्पों पर धुन लागू करने हेतु। |
| *सहायता* | सहायता जानकारी प्रदर्शित करने हेतु। |

# 9. फाइल प्रबंधक

यह मीनू आपको अपने फोन में आकृति, ध्वनि रिकार्डर, संकेत ध्वनि एवं संगीत का प्रबंधन करने में मदद करता है।

*डी डिस्क* चुनें, निम्न विकल्पों को चुनने हेतु ⊟ *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *खोलें* | आपको फोल्डर खोलने में सहायता करता है। आप निम्न प्रचालन हेतु फाइल या फोल्डर चुन सकते हैं।<br>• **फाइल प्रचालन**<br>*बजाएं* (संगीत फाइल हेतु), *देखें* (आकृति फाइल हेतु), *अग्रेषित*, *विस्तार*, *पुनः नाम दें*, *कॉपी करें*, *स्थानांतरण*, *मिटाएं*, *सभी फाइलें मिटाएं* और *छाँटें*।<br>• **फोल्डर प्रचालन**<br>*खोलें*, *फोल्डर बनाएं*, *पुनः नाम दें*, *मिटाएं* और *छाँटें*। |
| *फोल्डर बनाएं* | फाइल फोल्डर में एक नया फोल्डर बनाने हेतु। |
| *फॉर्मेट* | फोल्डर को फॉर्मेट करने हेतु। (केवल मूल डायरेक्ट्री हेतु)। |

*फाइल प्रबंधक में स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने में मेमोरी के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदर्शित होती है। आपके द्वारा फाइल प्रबंधक में कोई फोल्डर या फाइल चुनने पर, आपको स्क्रीन पर उसी कोने में उसकी तिथि और आकार की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।*

# 10. मनोरंजन एवं खेल

## खेल

कोई खेल चुनें, [−] दबाएं। प्रत्येक खेल के विवरण हेतु आप स्क्रीन पर दिए निर्देश देख सकते हैं।

## विषय

यह मीनू आपको स्क्रीन के रंग का विषय सेट करने में सहायता करता है। आपके द्वारा चुनने हेतु तीन प्रकार के विषय हैं।
एक पद्धति चुनें, निम्न विकल्पों को चुनने हेतु [−] *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *सक्रिय* | चुनिंदा विषय सक्रिय करने हेतु। |
| *समय संशोधन* | रंग अद्यतन की बारंबारता सेट करने हेतु। |
| *क्रम सेट करें* | रंग अद्यतन का क्रम सेट करने हेतु। |

***आपके द्वारा** अद्यतन अवधि **या** क्रम सेट करें **में कोई भी विकल्प चुनने पर, आपको सेटिंग करने के बाद** सक्रिय करें **चुनना होगा।***

## खेल सेटिंग

यह मीनू आपको खेलों के ऑडियो एवं कंपन प्रभाव को चालू या बंद करने में सहायता करता है।
*गेम ऑडियो* या *गेम कंपन* चुनें, *ऑन* या *ऑफ* चुनने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाएं, फिर पुष्टि करने हेतु [−] दबाएं।

# 11. प्रयोक्ता प्रोफाइल

यह मीनू आपको इनकमिंग कॉल, नए संदेश एवं इत्यादि हेतु संकेत ध्वनि सेट करने में सहायता करता है। इससे आप सतर्क प्रकार, संकेत ध्वनि की प्रबलता और उत्तर मोड और बैकलाइट आदि सेट कर सकते हैं ताकि आपका फोन सभी प्रकार के परिवेशों के अनुकूल हो सके। *सामान्य*, *सम्मेलन*, *बाहरी*, *अंदरुनी* या *हेडसेट* चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए [–] *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *सक्रिय* | आपके द्वारा चुना गया मोड प्रचालन में है। |
| *कस्टमाइज* | आपको *टोन सेटअप* (इनकमिंग कॉल, अलार्म, ऊर्जा चालू, ऊर्जा बंद, संदेश ध्वनि और कुन्जीपटल ध्वनि), *वॉल्यूम* (संकेत ध्वनि और कुन्जीपटल ध्वनि), *सक्रिय प्रकार* (संकेत ध्वनि, केवल कंपन, कंपन और संकेत ध्वनि या कंपन फिर संकेत ध्वनि), *रिंग प्रकार* (एकल, आवर्ति या बढ़ते क्रम में), *अतिरिक्त टोन* (चेतावनी, त्रुटि, कैंप चालू और संपर्क करें), *उत्तर मोड* (कोई कुन्जी) और *LCD पृष्ठलाइट* (5, 15, 30 या 45 सेकेंड) सहित चुनिंदा मोड सेट करने में सहायता करता है। |

*उत्तर मोड में स्वचालित विकल्प केवल हेडसेट मोड में प्रदर्शित होता है। हेडसेट मोड को सक्रिय करना आवश्यक नहीं होता। आपके द्वारा ईयरफोन लगाए रखने तक, आपका फोन स्वतः ही हेडसेट मोड में परिवर्तित हो जाएगा।*

# 12. संगठक

इस मीनू में आपको कार्य के दौरान संगठित और सूचित रहने में सहायता हेतु अभिकल्पित विशेषताएं और विकल्प शामिल हैं।

## कैलेंडर

यह मीनू आपको कैलेंडर देखने, *करने हेतु तालिका* एक्सेस करने या संपादित करने में मदद करता है।

आप कैलेंडर देखने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ दबा सकते हैं। देखने के लिए तिथि चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] *विकल्प*

| | |
|---|---|
| *कार्य देखें* | आपको सूची की तिथि, समय, लेख और अलार्म सेट करने में मदद करता है। नए कार्य जोड़ने, संपादित करने या चुनिंदा कार्य देखने हेतु [–] दबाएं। (ब्यौरे के लिए कृपया ''कार्यसूची'' देखें)। |
| *तारीख पर जाएं* | आपको शीघ्रता से निर्धारित तिथि देखने में मदद करता है। तिथि प्रविष्ट करें फिर [–] दबाएं। |

दबाएं।

*कार्य के साथ एक तिथि लाल रंग में प्रदर्शित की जाती है।*

## कार्यसूची

यह मीनू आपको अपने कार्य या जीवन में सभी प्रकार की चीज़ें प्रबंधित करने में सहायता करता है। आप *करने हेतु तालिका* का विषयवस्तु, विस्तृत समय और अलार्म सेट कर सकते हैं।

आपके फोन में कोई कार्य न होने पर, वह खाली प्रदर्शित करता है। नया कार्य निर्धारित करने के लिए आप [–] *जोड़ें* दबा सकते हैं। कार्य संपादित करने के बाद आप [–] *संपन्न* दबाएं।

कोई कार्य चुनने पर, आप निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] *विकल्प* दबा सकते हैं।

### *कार्य निर्धारित करना*

| | |
|---|---|
| *दिनांक* | आपको कार्य की तिथि प्रविष्ट करने में मदद करता है। |
| *समय* | आपको कार्य का समय प्रविष्ट करने में मदद करता है। |

*आपके द्वारा प्रविष्ट किया जाने वाला समय प्रारूप 24-घंटे का सिस्टम होना चाहिए।*

| | |
|---|---|
| *नोट* | आपको कार्य की विषयवस्तु प्रविष्ट करने में मदद करता है। [–] *संपादित* दबाएं, विषयवस्तु प्रविष्ट करें, फिर रक्षित करने हेतु [–] दबाएं। |

*अलार्म* अलार्म की स्थिति सेट करने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाएं।

*दोहराएं* आपको फ्रीक्वेंसी सेट करने में सहायता करता हैं: *एक बार*, *प्रतिदिन*, *दिन*, *साप्ताहिक*, *मासिक*।

### *कार्य का विकल्प मीनू*

*देखें* चुनिंदा कार्य की सेटिंग देखने हेतु।

*जोड़ें* नया कार्य जोड़ने हेतु।

*कार्य संपादन* चुनिंदा कार्य संपादित करने हेतु।

*कार्य मिटाएं* चुनिंदा कार्य मिटाने हेतु।

*सभी को मिटाएं* कार्यसूची में सभी कार्य मिटाने हेतु।

## अलार्म

आपके मोबाइल फोन में एक अंतर्निर्मित अलार्म घड़ी है। आप तीन अलग अलार्म तक सेट कर सकते हैं।

अलार्म सेट करने हेतु, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें:

1. कोई अलार्म चुनें और [–] *संपादन* दबाएं।
2. स्थिति को *ऑन* पर सेट करें।
3. समय प्रविष्ट करें।
4. *दोहराएं*, *एक बार*, *प्रतिदिन* या *दिन* चुनें।

सेटिंग पूर्ण होने पर, [–] *संपन्न* दबाएं।

***दिन मोड का प्रयोग करने हेतु आप सप्ताह की पंक्ति चुन सकते हैं फिर एक-एक कर सप्ताह में प्रत्येक दिन की स्थिति सेट करें। आप बाईं सॉफ्टकुन्जी दबाकर* ऑन *और* ऑफ *के बीच बदल सकते हैं।***

## विश्व घड़ी

यह मीनू आपको विश्व के प्रमुख शहरों का समय देखने में मदद करता है।

शहरों का चयन करने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाएं, स्क्रीन के निचले भाग में स्थानीय तिथि और समय प्रदर्शित होते हैं।

# 13. सेवाएं

इस मीनू में एसटीके और वैप सेवाएं शामिल हैं।

## एसटीके

इस मीनू की क्रिया आइटेम सेवा और ऑपरेटरों पर निर्भर करती हैं। आपके द्वारा प्रविष्ट किए जाने वाले सिम कार्ड में एसटीके क्रिया होने पर, स्क्रीन पर एसटीके मीनू प्रदर्शित होगा।

## वैप

यह विकल्प आपको नेटवर्क एक्सेस करने में सहायता करता है। आपका फोन आपको नेटवर्क एक्सेस करने हेतु कुछ मौजूदा मोड प्रदान करता है। आप संबंधित मोड सक्रिय करने पर नेटवर्क ब्राउज़ कर सकते हैं।

### मुख्यपृष्ठ

आप प्रत्येक मोड हेतु एक मुख्यपृष्ठ रक्षित कर सकते हैं। आपके द्वारा वैप एक्सेस करने पर, पहले मोड का मुख्यपृष्ठ आएगा।

### पृष्ठचिह्न

आप पते को अपने फोन में एक पृष्ठचिह्न के रूप में रक्षित कर सकते हैं।

एक पृष्ठचिह्न चुनें, निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु ⊏−⊐ *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *पर जाएं* | चुनिंदा पृष्ठचिह्न की वेबसाइट एक्सेस करने हेतु। |
| *संपादन* | चुनिंदा पृष्ठचिह्न संपादित करने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा पृष्ठचिह्न मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | सभी पृष्ठचिह्न मिटाने हेतु। |
| *बुकमार्क जोड़ें* | नया पृष्ठचिह्न बनाने हेतु *शीर्षक* और *पता* प्रविष्ट करें। |

### हाल ही के पृष्ठ

आप हाल ही में देखी गईं वेबसाइट्स देख सकते हैं।

### पता प्रविष्ट करना

आप अपने फोन को नेटवर्क से जोड़ने के लिए एक पता प्रविष्ट कर सकते हैं।

### सेवा इनबॉक्स

आपको प्राप्त होने वाले वैप संदेश *सेवा इनबॉक्स* में रक्षित किए जाते हैं, सेवा ऑपरेटर सक्रिय रूप से आपके फोन को वैप संदेश भेजेगा।

### सेटिंग

#### प्रोफाइल संपादित करें

यह विकल्प सभी वैप एक्सेस मोड की विशेषताएं सेट करने हेतु प्रयोग किया जाता है। उचित सेटिंग प्राप्त करने हेतु कृपया नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

प्राफाइल सूची में एक मोड चुनें, फिर निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु [–] दबाएं।

| | |
|---|---|
| *प्रोफाइल सक्रिय करें* | चुनिंदा वैप एक्सेस मोड सक्रिय करने हेतु। |
| *प्रोफाइल संपादन* | वैप एक्सेस मोड की विशेषताएं संपादित करने हेतु। |

## ब्राउज़र विकल्प

| | |
|---|---|
| *समय समाप्त* | ब्राउज़र का प्रतीक्षा समय सेट करने हेतु। प्रतीक्षा समय में कोई उत्तर प्राप्त न होने पर, ब्राउज़र वेबसाइट के साथ संपर्क समाप्त कर देगा। |
| *चित्र दिखाएं* | वेबसाइट देखते हुए आकृतियाँ प्रदर्शित करने के लिए चुनाव करने हेतु। |

### सेवा संदेश

यह मीनू संवा संदेश प्राप्त करने के लिए चुनाव करने हेतु प्रयोग किया जाता है। संवा संदेश *सेवा इनबॉक्स* में रक्षित किया जाता है।

### कैशे खाली करना

आपके द्वारा एक्सेस की गई जानकारी और डाटा आपके फोन की कैशे में में रक्षित किए जाते हैं। यह विकल्प कैशे में रक्षित जानकारी को मिटाने हेतु प्रयोग किया जाता है।

### कुकी मिटाना

यह मीनू कुकी मिटाने हेतु प्रयोग होता है।

आपके द्वारा वेबसाइट एक्सेस करने पर, कुछ जानकारी रक्षित की जाती है। आपको सुझाव दिया जाता है कि अपना फोन खो जाने पर अपनी व्यक्तिगत प्रकट होने से बचने के लिए आप समय-समय पर यह संवादलनशील जानकारी मिटाते रहें।

### विश्वस्नीयता प्रमाणपत्र

बैंक सेवा जैसी कुछ सेवाओं हेतु विश्वस्नीयता प्रमाणपत्र आवश्यक होते हैं। आपके द्वारा उचित प्रमाणपत्र डाउनलोड करने पर, आप उसे रक्षित कर सकते हैं या मिटा सकते हैं। आपके द्वारा रक्षित करने का विकल्प चुनने पर, प्रमाणपत्र विश्वस्नीयता प्रमाणपत्रों में जोड़ दिया जाएगा।

## डाटा एकाउंट

यह मीनू एकाउंट की जानकारी सेट करने हेतु प्रयोग किया किया जाता है। मौजूदा एकाउंट निर्माता द्वारा प्रदान किया जाता है।

### *जीएसएम डाटा*

आप सेट कर सकते हैं: *अकाउंट नाम*, *नंबर*, *प्रयोक्ता नाम*, *पासवर्ड*, *रेखा प्रकार*, *तेज* और DNS ।

### *जीपीआरएस*

आप सेट कर सकते हैं: *अकाउंट नाम*, *एपीएन*, *प्रयोक्ता नाम*, *पासवर्ड*, *Auth. प्रकार*।

# 14. अतिरिक्त

इस मीनू में आपके व्यक्तिगत उपयोग हेतु अभिकल्पित विशेषताएं और विकल्प शामिल हैं।

## कैलकुलेटर

आपके फोन में एक अंतर्निमित कैल्कुलेटर है जिसे आप मूलभूत परिकलन हेतु प्रयोग कर सकते हैं। नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित विधि के अनुसार कुन्जीपटल द्वारा संख्याएं और नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा ऑपरेटर प्रविष्ट किए जाते हैं:

| | |
|---|---|
| ▲ | जमा करने या M+ हेतु |
| ▼ | घटा करने या M- हेतु |
| ◄ | गुणा करने या MC हेतु |
| ► | भाग करने या MR हेतु |
| | संख्या मिटाने हेतु |
| | दशमलव बिन्दु हेतु |
| या | प्रचालन के परिणाम हेतु |

## यूनिट परिवर्तक

यह मीनू आपको लम्बाई और चौड़ाई के यूनिट की परिवर्तन क्रिया प्रयोग करने में सहायता करता है।

*दशमलव बिन्दु प्रविष्ट करने हेतु कुन्जी दबाएं।*

## मुद्रा परिवर्तक

यह मीनू आपको अपनी पसंद की विनिमय दर के प्रयोग द्वारा एक मुद्रा से दूसरी मुद्रा में राशि परिवर्तित करने में मदद करता है। आप *देशी* से *विदेशी* या विदेशी से देशी परिवर्तित कर सकते हैं। दर के क्षेत्र में एक दर प्रविष्ट करें, दबाएं, *दर प्रकाशन* चुनें (स्क्रीन पर प्रथम पंक्ति), *देशी* या *विदेशी* क्षेत्रों में एक रकम प्रविष्ट करें और परिकलित मान प्राप्त करने हेतु दबाएं।

*दर प्रकाशन विकल्प आपको यह चुनने की अनुमति देता है कि आपके द्वारा प्रविष्ट की गई दर स्थानीय से विदेशी या विदेशी से स्थानीय का अनुपात है।*
*आप कुन्जी दबाकर दशमलव बिन्दु भी प्रविष्ट कर सकते हैं।*

## स्वास्थ्य

यह मीनू आपको बॉडी मास इन्डेक्स और स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधी निर्देश प्रदान करता है।

### *बीएमआई*

*लिंग* चुनें और फिर *ऊँचाई* और *भार* प्रविष्ट करें, परिणाम प्राप्त करने हेतु दबाएं।

### *माहवारी*

प्रयोग की जाने वाली विधि “बीएमआई” के समान ही है। संबंधित डाटा प्रविष्ट करें, फिर परिणाम प्राप्त करने हेतु दबाएं।

# 15. शॉर्टकट

यह मीनू आपको निष्क्रिय अवस्था में - दबाकर शीघ्रता से दस आइटेम प्रविष्ट करने में सहायता करता है। आप वास्तविक आवश्यकता के अनुसार प्राथमिक आइटेम बदल भी सकते हैं।

## शॉर्टकट में आइटेम बदलना

अपने द्वारा बदली जाने वाली आइटेम चुनें फिर संपादन मोड में प्रवेश हेतु दबाएं। बदलने वाली आइटेम चुनें फिर पुष्टि करने के लिए दबाएं।

# चित्र एवं चिह्न

निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य स्क्रीन पर एक साथ कई चिह्न प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

*यदि नेटवर्क का चिह्न प्रदर्शित न हो, तो नेटवर्क वर्तमान तौर पर उपलब्ध नहीं होगा। आप किसी निकृष्ट अभिग्रहण क्षेत्र में हो सकते हैं, किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।*

**बैटरी** - रेखाएं बैटरी का स्तर दर्शाती हैं (3 रेखाएं = पूर्ण, 0 रेखा = कम)।

**जीएसएम नेटवर्क** - आपका फोन एक जीएसएम नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।
प्राप्ति गुणवत्ता - जितनी अधिक रेखाएं प्रदर्शित होंगी प्राप्ति उतनी बेहतर होगी।

कुन्जीपटल लॉक सक्रिय।

अलार्म सक्रिय।

**रिंग** - सतर्क प्रकार संकेत ध्वनि है।

**केवल कंपन** - सतर्क प्रकार केवल कंपन है।

**कंपन तथा रिंग** - सतर्क प्रकार कंपन और संकेत ध्वनि है।

**कंपन फिर रिंग** - सतर्क प्रकार कंपन फिर संकेत ध्वनि है।

गपशप कक्ष1 गपशप अवस्था में है।

**जीपीआरएस संलग्न** - आपका फोन जीपीआरएस नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

**ध्वनि मेल** - आपने एक नई ध्वनि मेल प्राप्त की है।

**कॉल अग्रेषित** - आपका फोन कॉल अग्रेषित करने की अवस्था में है।

**छूटी कॉल** - आपकी एक छूटी कॉल है।

**एसएमएस संदेश** - आपने एक नया संदेश प्राप्त किया है।

**रेखा** - वर्तमान लाइन।

**एमएमएस संदेश** - आपने एक नया एमएमएस संदेश प्राप्त किया है।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन को आपकी ध्वनि या डाटा संकेत वहन करती हैं। नेटवर्क फोन की संचारण ऊर्जा को नियंत्रित करता है।

- आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेन्सी (900 /1800 MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
- जीएसएम नेटवर्क संचारण ऊर्जा (0.01 से 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
- आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।
- आपके फोन पर सीई का चिह्न युरोपीय विद्युतचुम्बकीय संगतता (संदर्भ 89/336/ईईसी) और कम वोल्टेज निर्देशों (संदर्भ 73/23/ईईसी) के प्रति अनुरूपता प्रदर्शित करता है।

आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों को या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को उनकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनाधिकृत प्रयोग से बचने के लिए:



अपना फोन एक सुरक्षित स्थान पर और छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए बिना प्रयोग किए रखना चाहते हैं तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने हेतु अपना पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। चूँकि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको घर और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का प्रयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के प्रयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुनरावलोकन किया गया है और रेडियो तरंग की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार यन्त्र निदेश 1999/5/ईसी **के अनुरूप है।**

## अपना फोन हमेशा बंद रखें ...

अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यवधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।



किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समयः विमान में मोबाइल फोन का प्रयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है,

मोबाइल फोन के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरणस्वरूप पेट्रोल स्टेशनों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा ही क्यों न हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप है।ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने हेतु निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में प्रयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** है:

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से 15 से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने हेतु पेसमेकर के विपरीत कान का प्रयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि व्यवधान हो रहा है तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप एक **श्रवण उपकरण** के प्रयोक्ता हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट यन्त्र सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार करने,** रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन कम करने, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देशों का पालन करें:**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन हेतु आपको फोन को सामान्य प्रचालन अवस्था में प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ प्रयोग न करते हुए)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमानों के सम्पर्क में न आने दें।
- फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरोपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
- फोन को किसी द्रव्य में न डुबाएं ; यदि आप का फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उन्हें पुनः प्रयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
- फोन को साफ करने हेतु, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।
- कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। हालांकि, एक स्थान पर रखे रहने में मोबाइल में निष्क्रिय स्क्रीन में कम

ऊर्जा खपत होती है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान जानकारी प्रेषित करने हेतु ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को छोटी समय अवधि के लिए सेट करना और मीनू में बिना कारण आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे समय तक प्रयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों हेतु बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

- आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
- केवल निर्दिष्ट चार्जर का ही प्रयोग करें।
- जलाएं नहीं।
- बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
- धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सिरों से शॉर्ट सर्किट न करने दें।
- अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचें।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक बैटरी एवं सहायक उपकरणों का ही प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग आपके फोन को हानि पहुँचा सकता है और खतरनाक हो सकता है, और आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा। किसी भी अनुचित प्रकार की बैटरी के प्रयोग द्वारा विस्फोट हो सकता है।

## आपका मोबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न निर्देशों का पालन करें:

- अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएं। फोन का प्रयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
- जिन देशों में आप वाहन चलाते हैं वहाँ के स्थानीय नियमों का पालन करें और अपने जीएसएम फोन का प्रयोग करें।
- यदि आप अपना फोन किसी वाहन में प्रयोग करना चाहते हैं, तो उस उद्देश्य के लिए बनाई गई हैंड्स-फ्री कार किट स्थापित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी गाड़ी में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हॉर्न संचालित करने हेतु किसी अलार्म तन्त्र का प्रयोग वर्जित है। स्थानीय नियम देखें।

## ईएन 60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में (जैसे किसी खिड़की या शीशे के पीछे) रहने के बाद, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है, विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाते समय सावधान रहें और उसे 40° से. से अधिक परिवेशी तापमान में प्रयोग करने से भी बचें।

# वातावरण की देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृपया उनके पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें।

फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए मानक चिह्न लगाए हैं।

बैटरी सामान्य घरेलू कचरे के साथ नष्ट नहीं की जानी चाहिए।

चिह्नित पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है।

संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग प्राप्ति और पुनर्चक्रण तन्त्र में एक वित्तीय योगदान किया गया है।

प्लास्टिक सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)।

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*
बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। फिर बैटरी चिह्न का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर को हटाएं और मोबाइल चालू करने का प्रयास करें।

### *आपका फोन निष्क्रिय स्क्रीन पर वापिस नहीं जाता*
को देर तक दबाकर रखें या फोन बंद करें, यह जाँचें कि सिम कार्ड और बैटरी सही प्रकार स्थापित हैं या नहीं और उसे पुनः चालू करें।

### *नेटवर्क चिह्न प्रदर्शित नहीं होता*
नेटवर्क संपर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः संपर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), यदि आपके मोबाइल में बाहरी एन्टिना है तो यह जाँच लें कि एन्टिना सही स्थान पर है, या नेटवर्क संबंधी सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन प्रतिक्रिया नहीं करता (या प्रदर्शन धीरे-धीरे प्रतिक्रिया करता है)*
प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर बहुत धीरे प्रतिक्रिया करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएं और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृपया अपने फोन प्रदाता से संपर्क करें।

### *आपकी बैटरी अधिक गर्म होती हुई लगती है*
संभवतः आप किसी ऐसे चार्जर का प्रयोग कर रहे हैं जो आपके फोन के लिए अभीष्ट नहीं है। यह सुनिश्चित करें कि आप हमेशा अपने फोन के साथ प्रदान किए गए फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण का ही प्रयोग करते हैं।

### *आपका फोन इनकमिंग कॉलों के फोन नम्बर प्रदर्शित नहीं करता*
यह लक्षण नेटवर्क और सेवा पर निर्भर करता है। नेटवर्क द्वारा कॉलकर्ता का नम्बर प्रेषित न करने पर, फोन *कॉल 1* या *अस्वीकृत* प्रदर्शित करेगा। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*
कुछ नेटवर्क अन्य नेटवर्कों के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं करते। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट किया है, या इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *आपको लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*
अपने कॉल अंतरण विकल्प जाँच लें।

### *प्रदर्शन सिम असफलता प्रदर्शित करता है*
यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया है या नहीं। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *मीनू में किसी लक्षण का प्रयोग करने पर, मोबाइल प्रदर्शित करता है अनुमति नहीं*

कुछ लक्षण नेटवर्क पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपकी सेवा द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *प्रदर्शन दिखाता है अपना सिम कार्ड डालें*

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया है या नहीं। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा*

यदि आपकी बैटरी पूर्णतः समाप्त हो चुकी है, तो स्क्रीन पर चार्जिंग चिह्न प्रदर्शित होने से पहले उसे पूर्व-चार्ज हेतु कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर, आपके मोबाइल फोन के पैकेज में मानक तौर पर शामिल होते हैं। अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के प्रदर्शन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ प्रयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। गैर-प्रामाणिक सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी ए.सी. आउटलेट में आपकी बैटरी चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैण्डबैग में ले जाने हेतु छोटा है।

## यूएसबी केबल

यूएसबी केबल आपके फोन और आपके कम्प्यूटर के बीच तीव्र संचार सक्रिय करती है। आप अपने फोन में आकृति, एनिमेशन, फोटो, वीडियो एवं संगीत जैसी रक्षित जानकारी प्रबंधित कर सकते हैं। आप बैटरी को चार्ज करने हेतु भी केबल का प्रयोग कर सकते हैं (यह चार्जिंग मोड अधिकांश पीसी के लिए उपयुक्त है)।

## हेडसेट

आपके द्वारा ईयरफोन लगाते ही आपका फोन स्वतः हेडसेट मोड सक्रिय कर देता है। और आप उत्तर मोड में *स्वत:* विकल्प का चयन कर सकते हैं। इस विकल्प की स्थिति *ऑन* होने पर, आपका फोन स्वतः ही 2 सेकेंड में इनकमिंग कॉल का उत्तर देता है।

## यूएसबी ड्राइवर सीडी

यदि आपके कम्प्यूटर का ऑपरेटिंग सिस्टम Windows 98 है, तो आप आकृतियाँ या संगीत प्रतिलिपि करने, स्थानांतरित करने या मिटाने हेतु अपने फोन को पीसी से जोड़ने के लिए अपने कम्प्यूटर को तैयार करने हेतु इस सीडी को प्रयोग कर सकते हैं।

# विशिष्ट अवशोषण दर जानकारी
# अंतर्राष्ट्रीय मानक

## यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रदर्शन हेतु अंतर्राष्ट्रीय सुझावों का पालन करता है

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है। यह अंतरर्रष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्धारित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) के प्रदर्शन हेतु सीमाओं के भीतर अभिकल्पित एवं निर्मित है। ये सुझाव इन्टर्नेश्नल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइज़िंग रेडियेशन प्रोटेक्शन (आईसीएनआईआरपी), और इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियर्स - स्टैण्डर्ड्स एसोसिएशन (आईईई-एसए) द्वारा स्थापित किए गए हैं जो आयु एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश अनुमानित करते हैं।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन हेतु सिर के लिए एसएआर सीमा आईसीएनआईआरपी द्वारा टिश्यु के प्रति 10ग्रा. में 2,0 वा./कि.ग्रा., और आईईई-एसए (आईईई मानक 1528) द्वारा टिश्यु के प्रति 1ग्रा. में 1,6 वा./कि.ग्रा. सुझावित है।

फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवक तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी।

यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी रेडियो तरंगों के प्रदर्शन के अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु परीक्षण करने पर इस फिलिप्स एस660 मॉडल के लिए अधिकतम एसएआर दर आईसीएनआईआरपी सुझाव हेतु 0,693 वा./कि.ग्रा. और आईईई मानक हेतु 1,047 वा./कि.ग्रा. थी। यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी आरएफ प्रदर्शन के संबद्ध अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

रेडियो तरंगों का प्रदर्शन सीमित करने हेतु, मोबाइल फोन की कॉल अवधि कम करने या एक हेडसेट प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इन सावधानियों का उद्देश्य मोबाइल फोन को सिर एवं शरीर से दूर रखना है।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता (''उपभोक्ता'' या ''आप'') को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज (''उत्पाद'') में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्प और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी होती है?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु बिना शुल्क लिए, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदलने जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं है:

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ के प्रवेश सं प्रभावित उत्पाद ; या
b) फिलिप्स द्वारा अनाधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद ; या

c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वसनीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों ; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं ; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो; या
f) क्रय के मूल देश के बाहर उत्पाद का खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल करते हुए परन्तु उन तक सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना ; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया हो या जिसका खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) सामान्य टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

a) उत्पाद को फिलिप्स के एक अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएं। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र के स्थान के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुक्सान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं जाती, या यह सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती, अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत या प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिया जाएगा।
d) महत्वपूर्ण - आपके लिए उत्पाद को खरीद के एक वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान करेगा।

6. अन्य शर्तः यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।

फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी खरीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुक्सानों से संबंधित, ऐसे नुक्सान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगा।

हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुक्सान, असुविधा, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुकसान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को बर्खास्त करती है। उसमें कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,
**फिलिप्स (चीन) इन्वेस्टमेन्ट कं., लिमिटिड**
**बी.यू. वायरलेस चाइना**
**21एफ, टॉवर 1 कैरी युअरब्राइट सिटी**
**218 तिआं मू ज़ाई रोड**
**शंघाई, पी.आर.सी.200010**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद
**फिलिप्स एस660**
जीएसएम/जीपीआरएस दोहरा-बैण्ड डिजिटल मोबाइल फोन
टीएसी: 352422 01

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप है:
**सुरक्षा: ईएन 60950/2001**
**एसएआर: ईएन 50360:2001/ईएन 50361:2001**
**आर&टीटीई: ईएन301-511 वी9.0.2**
**ईएमसी: ईएन301489-1 V1.5.1 और**
**ईएन301489-7 वी1.2.1**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो टेस्ट समूह कर लिए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुरूप है।
निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन III या IV में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन किया गया है:
बी.ए.बी.टी., बेल्फोर हाऊस, चर्चफील्ड रोड, वॉल्टन-ऑन-थेम्स, सरे, के.टी.12 2Tटी.डी., यू.के.
पहचान चिह्न: **0168**

अगस्त 08, 2006

क्वालिटी मैनेजर

